# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025








6 एयरबैग्स स्टेंडर्ड (ड्रायवर, पैसेंजर, साइड और कर्टन)




टायर प्रेशर मॉनीटरिंग सिस्टम - हाईलाईन



डैशकैम विद डुअल कैमरा



विशेष इंटीरियर जिसमें भरपूर हेडरूम, नी-रूम और लेगरूम शामिल है।



कनेक्टेड टाइप 20.32 सेमी (8'') एचडी इंफोटेनमेंट सिस्टम




पॉवर से भरपूर प्रदर्शन

## ₹ 1 111 प्रति लाख# की शुरुआती ईएमआई

| कीमत (ऑफर अंतर्गत) | |
|---|---|
| EXTER S मैनुअल ट्रांसमिशन (एक्स शोरुम) | ₹ 7 73 190 |
| आपकी पुरानी कार का एक्सचेंज मूल्य | ₹ 3 30 000## |
| नकद लाभ | ₹ 15 000* |
| एक्सचेंज बोनस | ₹ 20 000* |
| नेट एक्स शोरुम कीमत | ₹ 4 08 190 |

~डिपॉज़िट के वैध प्रमाणपत्र पर अतिरिक्त स्क्रैपेज बोनस।
~~CSD और KPKB ग्राहकों के लिए अतिरिक्त फायदे।

HYUNDAI

Scan to chat with us or give a missed call at 9555295868

my Hyundai app

Hyundai Cl!cktoBuy

3 YEAR Unlimited** Kilometer Warranty
Up to 7 years extended warranty^^

3 YEAR Road Side Assistance (RSA)^

UP TO 5 YEAR Shield of Trust Service Packages***

Hyundai Promise
Certified Pre-Owned Car

**Shivnath Hyundai**
**Raipur:** GE Road, Tatibandh Mob. 92855 09402, 7880095245, 9981991744, 9685045126, 9285008566. **Telibandha:** 9179040081. **Dhamtari:** 7970002903. **Mahasamund:** 7470777628. **Baloda Bazar:** 7470777629. **Gariyaband:** 7440411843.

**Shankara Hyundai**
**Raipur:** Nr. Pandri Thana, Mowa, Vidhan Sabha Road, Mob. 9111000510, 6262700000, 9111000589, 9111000502, 9111000509. **Saraipali:** 6262000501.

**Shankara Hyundai**
**Bhatagaon:** Opp. Wallfort City, Ring Road No.1, Raipur. Mob. 9111000504, 9111000512.

**Mangalam Hyundai**
**Raipur:** Opp. Reliance Petrol Pump, Dhamtari Road, Devpuri, Mob. 8435001108, 8827596969, 9669801199, 9826908833, **Tilda:** Mob. 8435001220, **Kawardha:** Talpurkhar, Bilaspur Road Mob. 78801 33184. **Bemetara:** Beside Bajaj Showroom, Kobia, Raipur Road Mob. 8435001480.

*T&C apply, Benefits mentioned include applicable cash and exchange benefits. Benefits may vary with variants. #EMI may differ basis the bank interest, tenure, customer profile, etc. Finance at the sole discretion of financier. ##Price mentioned may vary basis the exchanged car and various other factors. Mentioned price is for illustrative purpose only upon exchange of Grand i10, 2019 Model, Sportz variant, actual prices may differ. **Warranty is valid for 3 years or upto 100 000 kilometres whichever is earlier. For more details and T&Cs of Warranty, please refer owners' manual. ^RSA till 3 Years is provided on free of cost basis on purchase of new Hyundai EXTER. 3 Yrs Roadside assistance (with taxi support & Introduction of 10th Yr retail program). ^^Extended Warranty upto 7 Years available on payable basis, ***SOT & SOT Super Service Packages upto 5 Years are available on payable basis. For detailed T&Cs on RSA, Extended Warranty & Shield of Trust/Super kindly visit Hyundai India website. Functionality of Bluelink depends on adequate power supply: and uninterrupted network connectivity to infotainment system. The Bluelink system is designed in such a way that it makes vehicle theft difficult if its circuit and battery connection is uninterrupted. Features and specifications shown may vary or may not be a part of standard fitment and are subject to change without prior notice. Hyundai Motor India Limited reserves the right to change specifications, colour, equipment and schemes at any time without prior notice. This advertisement and car shown here is for creative representation purposes only and the depictions are for illustrative purposes. The black shade on glasses is due to lighting effect. Colours shown may vary slightly from the actual colours due to the limitations of the printing process. ~Scrappage bonus is applicable on select models subject to receipt of valid Certificate of Deposit issued by Govt. approved & operational vehicle scrappage center. ~~CSD: Canteen Stores Department, KPKB: Kendriya Police Kalyan Bhandar.

MAHESHWARI

मोपका की 310 एकड़ पट्टे की जमीन की अफरातफरी की गई है। लगातार शिकायतों के बाद कलेक्टर ने 17 सदस्यीय टीम से जांच कराई थी। इसकी रिपोर्ट आ गई है। इस रिपोर्ट से साफ हुआ है कि करोड़ों रुपए की कीमती सरकारी जमीन को 40 से अधिक टुकड़ों में बेचा गया। हालांकि जांच टीम ने इस गड़बड़ी के लिए किसी अधिकारी को जिम्मेदार नहीं माना है और उन्हें क्लीन चिट दे दी गई है जबकि बिना अधिकारियों के मिलीभगत के ऐसा संभव ही नहीं है। सबसे बड़ी बात की शासकीय भूखंड का पट्टा कलेक्टर के आदेश पर एसडीएम जारी करता है। तत्कालीन नायब तहसीलदार ने बगैर अनुमति के करोड़ों की शासकीय भूखंड का पट्टा जारी कर दिया।

## 17 सदस्यीय टीम ने सौंपी जांच रिपोर्ट

# मोपका की 310 सरकारी जमीन 40 टुकड़ों में अवैध तरीके से बिकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्राम मोपका के खसरा नंबर 992 और 993 से संबंधित जमीनों पर गड़बड़ी की शिकायत अधिवक्ता प्रकाश सिंह ने मुख्यमंत्री और कलेक्टर से की थी। कलेक्टर अवनीश शरण ने जांच के लिए 17 सदस्यीय टीम बनाई। टीम में अतिरिक्त कलेक्टर आर ए कुरुवंशी, एसडीएम बिलासपुर पियूष तिवारी के साथ डिप्टी कलेक्टर शिवकुमार कंवर, तहसीलदार मुकेश देवांगन, भू अभिलेख अधीक्षक श्रीमती चांदनी ध्रुव के साथ 9 राजस्व निरीक्षक और 4 पटवारी शामिल थे। इस टीम ने जांच रिपोर्ट सौंप



दी है। जांच टीम ने पाया है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया गया, अवैध पट्टे दिए गए और उनका नामांतरण भी किया गया। दरअसल मोपका स्थित खसरा नंबर 992 और 993 को निस्तार पत्रक में सरकारी भूमि के रूप में उल्लेखित किया गया है।

इसमें से खसरा नंबर 993/1 छोटे-बड़े झाड़ के जंगल की जमीन है। इसके मद परिवर्तन के लिए वन विभाग की अनुमति लेना अनिवार्य है लेकिन, यहां की जमीनों का ट्रांसफर करते समय तत्कालीन राजस्व अधिकारियों ने कलेक्टर की अनुमति भी नहीं ली। अधिकार अभिलेख वर्ष 1954-55 में भी गड़बड़ी की गई। इसमें खसरा नंबर 1034 और खसरा नंबर 2521/1 की क्रमशः 2.79 और 2.12 एकड़ कुल 4.91 एकड़ जमीन बोने खाने के लिए मोहन सिंह पिता निक्काराम को दी गई थी। यहां छोटे-बड़े झाड़ के जंगल की जमीन वन विभाग और कलेक्टर की अनुमति के बगैर ही बेच दी गई।

### पट्टा मिला तो ताबड़तोड़ बेच डाला

जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जिन जमीनों पर लोग काबिज है उनमें से किसी ने भी नोटिस के बाद भी कोई दस्तावेज पेश नहीं किया। यही नहीं यह भी पाया गया कि वन सरंक्षण अधिनियम 1980 लागू होने के पूर्व वर्ष 1978-79 में आनन-फानन में आवश्यक दस्तावेज नहीं होने और प्रक्रिया का पालन किए बिना पट्टा वितरण की कार्रवाई की गई। यही नहीं पट्टा प्राप्त करने वाले अधिकांश व्यक्तियों ने सिर्फ 3 से 6 साल के बीच में लगातार इस जमीन को बेच भी दिया गया। जमीन बेचने के दौरान यह भी घोषणा कर दी गई कि यह भूमि पट्टे से प्राप्त भूमि नहीं है।

### अभिलेख जीर्ण-शीर्ण बता दिया

अधिकारियों के मुताबिक राजस्व दस्तावेजों के अलावा मिशल से मिलान करने के बाद रिपोर्ट तैयार की गई है। रिपोर्ट तो खसरा नंबर 993 में 242.83 एकड़ और खसरा नंबर 992 में 68 एकड़ से ज्यादा शासकीय भूखंड राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। मिसल बंदोबस्त 1928-29 में भी उल्लेख है। दलालों ने खसरा नंबर 993 को दो टुकड़ों में 993/1 और 993/2 में बांटकर नक्शा भी अलग-अलग बना दिया है।

### बिना जांच करोड़ों की सरकारी जमीन का नामांतरण

जांच टीम ने नामांतरण अधिकारी की भूमिका पर भी सवाल उठाया है। नामांतरण आदेशकर्ता अधिकारी के द्वारा पट्टे से प्राप्त भूमि होने के बाद भी बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति लिए नामांतरण किया गया है एवं बाद में पट्टे की भूमि का कई बार छोटे टुकड़ों में बेची गई। जांच रिपोर्ट में तात्कालीन नामांतरण अधिकारी की भूमिका पर भी सवाल है। इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि भू-राजस्व संहिता वर्तमान छग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 237 (2) के अंतर्गत मोपका की जमीनों को व्यवस्थापित करने के पूर्व उसे कृषि योग्य करने की अनुमति कलेक्टर से ली जानी थी लेकिन इसका पालन नहीं किया गया।

## खबर संक्षेप

### नाश्ता ठेला लगाने वाले से मारपीट करने वाला आरक्षक सस्पेंड

**भिलाई।** सुपेला में नाश्ता की दुकान लगाने वाले लक्ष्मीनगर निवासी चंद्रभूषण साव से मारपीट करने वाले आरक्षक कुंदन सिंह को एसपी विजय अग्रवाल ने निलंबित कर दिया है। सुपेला थाने में एक काउंटर केस दर्ज किया था। चंद्रभूषण ने सुपेला थाने में दर्ज अपनी शिकायत में कहा कि वह रोज की तरह 21 अप्रैल 2025 की सुबह 4 बजे चाय पोहा का ठेला घड़ी चौक में लगाकर रखा था। इस दौरान वहां सिपाही कुंदन सिंह और राजेश यादव आए। उन्होंने कहा कि यहां भीड़ क्यों लगाकर रखा है, ठेला हटा। चंद्रभूषण ने कहा कि ग्राहक है थोड़ी देर में हटा लेगा। इस पर कुंदन सिंह भड़क गया। गाली गलौज करने लगा। चंद्रभूषण ने जब विरोध किया, तो मारपीट और तोड़फोड़ शुरू कर दी गई। इधर सुपेला पुलिस ने कुंदन सिंह की शिकायत पर भी कार्रवाई की गई। मामले में पुलिस की जांच जारी है। कुंदन सिंह फिलहाल भिलाई-तीन थाने में पदस्थ बताया गया है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने दिए निर्देश, जुलाई 2022 से चल रही है प्रक्रिया

# मेडिकल कॉलेज में 3 साल पहले 445 पदों के लिए आवेदन, अब व्यापम से होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा मेडिकल कॉलेज में 39 पदों के 445 रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई थी। कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे मेडिकल कॉलेज में रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया हेतु अधिसूचना जुलाई 2022 में जारी की गई थी और अगस्त माह तक आवेदन लिए गए। कॉलेज प्रबंधन द्वारा नियम के तहत पांचवीं अनुसूची के तहत यह भर्ती सिर्फ सरगुजा संभाग के युवाओं के लिए निकाली गई थी। मेडिकल कॉलेज में नौकरी पाने के लिए संभाग भर से युवाओं ने आवेदन किया था। आवेदन करने के लिए स्पीड पोस्ट का प्रावधान किया गया था जिसके बाद पोस्ट ऑफिस में आवेदन फॉर्म जमा करने को लेकर युवा जद्दोजहद करते नजर आए थे। इस दौरान विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई।

**मेडिकल कॉलेज में तीन वर्षों से लंबित 445 पदों पर भर्ती के मामले में नया मोड़ आ गया है। अब शासन द्वारा व्यापमं के जरिए भर्ती प्रकिया की जाएगी। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने इस संबंध में निर्देश दे दिए हैं। इस भर्ती प्रक्रिया को लेकर एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि जिन सवा लाख से अधिक बेरोजगारों ने आवेदन किया था उनका अब क्या होगा। फिलहाल इस बारे में कॉलेज प्रबंधन के पास भी कोई जवाब नहीं है।**

### अधिकारी नहीं करा पाए स्क्रूटनी

इस भर्ती प्रक्रिया में लेटलतीफी का सबसे बड़ा कारण यह है कि विभिन्न पदों के लिए प्रदेशभर से सवा लाख आवेदन आए और इन आवेदनों की स्क्रूटनी मेडिकल कॉलेज प्रबन्धन को ही करनी थी। हैरानी की बात तो यह है कि दो साल में अस्पताल प्रबन्धन आवेदनों की स्क्रूटनी नहीं कर पाया। स्क्रूटनी के बाद ही यह तय किया जाता कि किन पदों पर सीधे किन पदों पर परीक्षा होगी और किन पदों पर सीधे साक्षात्कार लेकर नौकरी दी जाएगी। आवेदनों की छंटनी में लेटलतीफी को लेकर प्रबंधन का तर्क है कि प्रबंधन के पास कर्मचारियों की कमी है।



### व्यापम से होगी भर्ती

पिछली सरकार ने भर्ती में कई प्रकार के व्यवधान कर रखे थे। उन्होंने भर्तियाँ नहीं की। अब हम व्यापम के माध्यम से भर्ती कराएंगे ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से भर्ती हो सके। -**श्याम बिहारी जायसवाल**, स्वास्थ्य मंत्री

### पहले के आवेदनों का क्या होगा?

लगभग तीन वर्षों से लंबित 445 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को अब प्रदेश की भाजपा सरकार ने व्यापम के माध्यम से कराने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रबन्धन को निर्देश दे दिए हैं लेकिन अब एक बड़ा सवाल यह है कि जिन सवा लाख लोगों ने नौकरी की आस में घंटों लाइन में लगकर आवेदन किया और फीस की उनका क्या होगा।

### जल्द पूर्ण करनी चाहिए प्रक्रिया

सरकार कोई भी हो भर्ती प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण होनी चाहिए। पिछली सरकार ने कोई लापरवाही नहीं की। ऐसा नहीं है कि 2018 में कांग्रेस की सरकार में आने के बाद भर्ती की प्रक्रिया को लेकर कोई अलग से नियम चलाए गए। ये नियम दशकों से चले आ रहे थे। यदि सरकार को लगता है कि भर्ती प्रक्रिया ठीक नहीं थी तो नई प्रक्रिया करने में सरकार को डेढ़ साल का समय नहीं लगना चाहिए था। अब तक सरकार को भर्ती कर देनी चाहिए थी। सरकार को एक दो महीने में भर्ती कर देनी चाहिए।

-टीएस सिंहदेव
पूर्व उप मुख्यमंत्री

## मुआवजा व पुनर्वास का मामला

# हाईकोर्ट ने शासन, बालको प्रबंधन पर्यावरण विभाग को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बालको प्रबंधन के कूलिंग टावर और कोल यार्ड से प्रभावित 208 परिवारों के पुनर्वास से वंचित रखने के मामले में हाईकोर्ट ने बालको प्रबंधन के साथ राज्य शासन और पर्यावरण विभाग को नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता को प्रत्युत्तर के लिए दो सप्ताह समय देकर जवाब आने पर ही अगली सुनवाई सुनिश्चित की है। शांतिनगर व रिंग रोड बस्ती के करीब 208 परिवार बालको के कूलिंग टॉवर के साथ विद्युत संयंत्र के कोल यार्ड के गंभीर प्रदूषण से प्रभावित होने के कारण इस क्षेत्र के निवासियों में अनके स्वास्थ्यगत बीमारी हो रही है। लोगों में चर्म रोग, श्वास रोग, हृदय रोग, आंखों में जलन आदि समस्या होने के कारण शांतिनगर पुनर्वास समिति तथा तितिक्षा सामाजिक संगठन के डिलेन्द्र यादव आर नरायण, निखिल मित्तल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जस्टिस अमितेन्द्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने कहा कि कोयला यार्ड के निर्माण के कारण याचिकाकर्ता प्रभावित पक्ष हैं, इसलिए राज्य की नीति के अनुसार उन्हें मुआवजा तथा पुर्नवास दिया जाना आवश्यक है।

### प्रतिवादियों को चार हफ्ते का समय

प्रतिवादियों के अधिवक्ता ने रिटर्न दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर समय प्रदान किया। इसके बाद याचिकाकर्ता को प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया गया।



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## पत्नी बार-बार बेहोश सदमे में डूबे नौ साल के बेटे ने दी मुखाग्नि



एजेंसी/बालासोर। सदमे में डूबा नौ वर्षीय तनुज अपने बड़ों के निर्देशों का पालन करते हुए अपने पिता प्रशांत सत्पथी की चिता को मुखाग्नि देते समय कुछ भी समझ नहीं पा रहा था। प्रशांत की पत्नी प्रिया दर्शिनी गमगीन होकर किसी को भी शव को छूने नहीं दे रही थीं और शव को श्मशान ले जाने से मना कर रही थीं। वह थोड़ी-थोड़ी देर में शव से लिपट जाती थीं। बाद में वह बेहोश हो गईं।

### छुट्टियों में गए थे कश्मीर

प्रशांत (41) 'सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी' के कर्मचारी थे। वे अपनी पत्नी और बेटे के साथ छुट्टियों में जम्मू कश्मीर के पहलगाम गए थे। प्रशांत के बड़े भाई सुशांत यहां श्मशान में कई बार बेहोश हुए।

## नींद से उठकर पूछ रहा मासूम, पापा कहां हैं...

*एजेंसी/कोलकाता। हर बार जब उनका नन्हा बेटा नींद से उठता है तो अपनी तोतली आवाज में यही सवाल दोहराता है कि 'पापा कहां हैं? क्या वह कहीं गए हैं?' मासूम के ये सवाल उसकी मां को झकझोर कर रख देते हैं, जिनका उसके पास कोई जवाब नहीं होता। साढ़े तीन साल के बच्चे के पिता बितान अधिकारी को आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम की खूबसूरत वादियों में गोली मार दी।*



## बिंदी हटा दी और अल्लाहु अकबर कहा, फिर भी ...

*एजेंसी/पुणे। हमले में अपने पति को खोने वाली पुणे की एक महिला ने कहा कि जब हमलावरों को पुरुषों से अजान पढ़ने के लिए कहते देखा तो उन्होंने और समूह की अन्य महिलाओं ने तुरंत अपने माथे से बिंदी हटा दी और अल्लाहु अकबर कहना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि लेकिन अपनी धार्मिक पहचान छिपाने के ये प्रयास विफल हो गए, क्योंकि बंदूकधारी आतंकवादियों ने महिला के पति और उसके मित्र को भी नहीं बख्शा।*



## आईबी अधिकारी का शव घर पहुंचते ही रो पड़े पिता

*रांची/झालदा। हमले में मारे गए आसूचना ब्यूरो अधिकारी मनीष रंजन का शव जैसे ही पुरुलिया जिले में स्थित उनके घर पहुंचा तो उनके पिता एम.के. मिश्रा असहनीय पीड़ा से बिलख उठे। एम.के. मिश्रा पश्चिम बंगाल के झालदा में सेवानिवृत्त प्राधानाध्यापक है। उनके 33 वर्षीय बेटे का पार्थिव शरीर उनके घर पहुंचा। मैं बोलना नहीं चाहता... कृपया मुझे अकेला छोड़ दीजिए।*



## अलविदा दिनेश... विदाई देते पत्नी बेसुध

मुख्यमंत्री, गृहमंत्री ने शव को दिया कंधा



हरिभूमि न्यूज/रायपुर। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकी हमले में मारे गए रायपुर, समता कालोनी निवासी कारोबारी दिनेश मिरानिया का गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया। कारोबारी को उनके बेटे शौर्य ने मारवाड़ी मुक्तिधाम में मुखाग्नि दी। इस दौरान मौके पर उपस्थित परिजन तथा कारोबारी के शुभचिंतकों की आंखें नम हो गईं। मुखाग्नि देने के बाद रो रहे बटे को मौके पर उपस्थित परिजन ढाढ़स बंधाते हुए चुप कराने की कोशिश करते दिखे। शव यात्रा के पूर्व दिनेश को घर में अंतिम विदाई देते हुए उनकी पत्नी नेहा पति का शव देख बेसुध हो गई। परिजनों ने मृतक की पत्नी को संभाला और घर के अंदर लेकर गए। कारोबारी को अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय ▶▶| शेष पेज 5 पर

### खास बातें

- पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को देशभर में दी गई श्रद्धांजलि
- पहलगाम हमले के बाद फंसे पर्यटकों के लिए कटरा से दिल्ली के लिए दूसरी विशेष ट्रेन रवाना
- भारत के समय-सीमा तय करने के बाद पाक नागरिक अटारी-वाघा सीमा मार्ग से लौटने लगे
- पहलगाम हमले में मारे गए 26 लोगों में सिर्फ एक विदेशी : सरकार
- जम्मू कश्मीर में फंसे महाराष्ट्र के 65 पर्यटकों का पहला समूह मुंबई पहुंचा
- वाघा बॉर्डर पर बीएसएफ ने की रिट्रीट सेरेमनी, लेकिन बंद रखे गए गेट
- हमले में घायल पर्यटकों से मिलने आज कश्मीर जाएंगे राहुल गांधी
- भारत सरकार ने अपने नागरिकों को जल्द भारत लौटने की दी सलाह
- 28 पाकिस्तानी को उनके देश भेजा, 105 भारतीय अपने घर लौटे

## पहलगाम हमले को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को दिया कड़ा संदेश

सर्वदलीय बैठक में सरकार ने मानी चूक

# टूर ऑपरेटर्स ने जून से पहले ही खोल दिया रूट, इसलिए फोर्स नहीं थी तैनात

*पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देशभर में गुस्सा है। पाकिस्तान पर पांच पाबंदियों के बाद गुरुवार को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक में हमले की तीखी निंदा करते हुए विपक्ष ने सरकार के हर एक्शन पर साथ देने की बात कही। बैठक में सरकार ने सुरक्षा में चूक स्वीकार की। इसके पीछे स्थानीय टूर ऑपरेटर्स की जल्दबाजी का हवाला दिया गया है। इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मधुबनी जिले से कड़ा संदेश दिया। उन्होंने पाकिस्तान परस्त आतंकियों और उनके आका को पहले हिंदी में सख्त चेतावनी दी। पीएम ने कहा, अब और नहीं, आतंकवादियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले 26 पर्यटकों की मौत के बाद अब केंद्र सरकार एक्शन मोड में है। इस बीच, सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक में सरकार का कहना था कि आमतौर पर इस रूट को जून के महीने में खोला जाता है, जब अमरनाथ यात्रा शुरू होती है। आमतौर पर इस रूट को जून के महीने में खोला जाता है, जब अमरनाथ यात्रा शुरू होती है क्योंकि अमरनाथ यात्रा के यात्री इस जगह पर रेस्ट करते हैं। इस बार लोकल टूर ऑपरेटर्स ने सरकार को बिना जानकारी दिए हुए वहां पर टूरिस्ट की बुकिंग लेनी शुरू कर दी और 20 अप्रैल से वहां पर टूरिस्ट को ले जाना शुरू कर दिया, जिसकी जानकारी लोकल अथॉरिटीज को नहीं थी। इस वजह से वहां पर डेप्लॉयमेंट नहीं किया गया, क्योंकि इस जगह पर अमरनाथ ▶▶| शेष पेज 5 पर

- सर्वदलीय बैठक में हमले की निंदा, विपक्ष ने कहा- सरकार के हर कदम में साथ

### आतंकवादियों को मिलेगी कल्पना से भी बड़ी सजा



बिहार के मधुबनी में आयोजित एक सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल सभी आतंकवादियों और इसकी साजिश रचने वालों को 'उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा देने' का संकल्प जताया। उन्होंने कहा कि अब आतंकियों की 'बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने' का समय आ गया है। यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है बल्कि देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। उन्होंने कहा, भारत एक एक आतंकवादी की पहचान करेगा, उनका पता लगाएगा और उन्हें सजा देगा।



### सरकार के हर एक्शन पर सपोर्ट

सर्वदलीय बैठक के बाद राहुल गांधी ने बताया कि हर एक्शन पर सरकार को पूरा सपोर्ट है। सर्वदलीय बैठक दो घंटे चली। बैठक में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

### लौटने लगे पाकिस्तानी

केंद्र सरकार द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे की समय-सीमा दिए जाने के एक दिन बाद इस पड़ोसी देश के कई नागरिक अटारी-वाघा सीमा मार्ग से स्वदेश लौटने लगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्री के अनुसार, पाकिस्तानी नागरिकों को दक्षेस वीजा छूट योजना के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### वायुसेना ने शुरू किया सैन्य अभ्यास

भारतीय वायुसेना ने 'एक्सरसाइज आक्रमण' के तहत एक बड़ा सैन्य अभ्यास शुरू किया, जिसमें पहाड़ी और जमीनी लक्ष्यों पर हवाई हमलों का अभ्यास किया गया। युद्धाभ्यास इस वक्त सेंट्रल सेक्टर में चल रहा है।

### राष्ट्रपति से मिले शाह-जयशंकर



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनको पहलगाम आतंकी हमले की जानकारी दी है।

### घायलों का मुफ्त इलाज कराएंगे अंबानी

उद्योगपति मुकेश अंबानी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए बर्बर आतंकवादी हमले में घायल हुए लोगों के लिए मुफ्त इलाज की पेशकश की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। सभी घायलों को मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन सर एचएन अस्पताल में मुफ्त इलाज की पेशकश की जाएगी।

### पाकिस्तानी प्रतिक्रिया

## भारत के एक्शन से बिलबिलाया पाक

पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत की तरफ से उठाए गए कदमों के जवाब में पाकिस्तान ने बड़ा फैसला लिया है।

- भारत के साथ हुआ शिमला समझौता सस्पेंड किया गया।
- वाघा बॉर्डर से व्यापार पूरी तरह बंद कर दिया गया है। 30 अप्रैल तक जिन लोगों ने वैध कागज़ों के साथ इस रास्ते से पाकिस्तान प्रवेश किया है, उन्हें वापस लौटने को कहा गया है।
- सार्क वीज़ा छूट योजना के तहत भारतीय नागरिकों को दी गई वीज़ा छूट खत्म कर दी गई है। हालांकि, सिख तीर्थयात्रियों को इससे छूट दी गई है।
- भारतीय हाई कमीशन में काम कर रहे सैन्य सलाहकारों-डिफेंस, नेवी और एयर अटैची को 'पर्सोना नॉन ग्रेटा' घोषित कर दिया गया है। उन्हें और उनके सहायक स्टाफ को 30 अप्रैल तक पाकिस्तान छोड़ने को कहा गया है।
- इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के कर्मचारियों की संख्या घटाकर 30 कर दी जाएगी।
- पाकिस्तानी एयरस्पेस को अब भारतीय स्वामित्व या संचालन वाली सभी एयरलाइनों के लिए बंद कर दिया गया है।
- पाकिस्तान ने सभी तरह का व्यापार- चाहे वह सीधे भारत से हो या किसी तीसरे देश के जरिए, तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है।

## गरियाबंद में दो साल बाद गूंजी बाघ की दहाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से बड़ी खबर सामने आई है। करीब 2 साल 6 महीने बाद एक बार फिर टाइगर ने इस रिजर्व क्षेत्र के जंगलों में दस्तक दी है। बाघ की मौजूदगी की पुष्टि होते ही वन विभाग ने आसपास के गांवों में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

24 अप्रैल को कुल्हाड़ीघाट परिक्षेत्र के जंगल में चिरौंजी बीनने गए ग्रामीण देर्लाल सोरी ने पेट्रोलिंग पार्टी को जानकारी दी कि जंगल में बाघ के पदचिन्ह ▶▶| शेष पेज 5 पर



### जंगल में अकेले न जाने की सलाह जारी

यह समय चारागाह और तेंदूपत्ता संग्रहण का है, वन विभाग ने आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को अकेले जंगल न जाने की सलाह दी है। सुरक्षा बढ़ाने के लिए पेट्रोलिंग में तेजी ▶▶| शेष पेज 5 पर

### डीएनए किया गया प्लास्टर ऑफ पेरिस से संरक्षित

उप संचालक स्तर के अधिकारी ने भी क्षेत्र का दौरा किया और दो अलग-अलग आकार के बाघों के पदचिन्ह की पुष्टि की, जिन्हें प्लास्टर ऑफ पेरिस की मदद से संरक्षित किया गया है। इसके साथ ही बाघ के मल की तलाश की जा रही है, ताकि डीएनए सैंपल टाइगर सेल, देहरादून भेजे जा सकें।

### 44.2 डिग्री के साथ दुर्ग सर्वाधिक गर्म

## अगले 48 घंटों तक रायपुर में ग्रीष्म लहर का अलर्ट, दुर्ग में पारा 45 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित बिलासपुर और दुर्ग संभाग के एक-दो स्थानों पर आने वाले दो दिनों के लिए ग्रीष्म लहर चलने की चेतावनी मौसम विभाग द्वारा दी गई है। लगभग पूरे प्रदेश का तापमान 40 डिग्री पार कर चुका है। ▶▶| शेष पेज 5 पर

- फिलहाल नहीं मिलेगी गर्मी से राहत, राजधानी का तापमान 43.7 डिग्री

### 26 को बस्तर संभाग में बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल मे द्रोणिका के रूप में 69 डिग्री पूर्व और 31 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक द्रोणिका मध्य छत्तीसगढ़ से मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इनके प्रभाव से 25 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क ▶▶| शेष पेज 5 पर







### हेलीकाप्टर से जवानों तक पहुंचाया जा रहा रसद

## 5000 जवानों ने टॉप नक्सलियों को घेरा, 72 घंटे में पांच मार गिराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

*तेलंगाना और छत्तीसगढ़ की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया गया है। मुठभेड़ में अभी पांच नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। इनमें से तीन महिला नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मुठभेड़ में मारे गए तीन महिला नक्सली पीएलजीए बटालियन नंबर 1 की मेंबर बताई जा रही हैं। घटनास्थल से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और हथियार भी बरामद हुआ है। वहीं 100 से अधिक आईईडी निष्क्रिय किया गया है।* ▶▶| शेष पेज 5 पर

हरिभूमि फॉलोअप



### वायु सेना के एमआई 17 हेलिकॉप्टर और ड्रोन तैनात

पिछले 72 घंटे से जारी आपरेशन के लिए अत्याधुनिक हथियारों से लैस वायु सेना के एमआई 17 हेलिकॉप्टर को जगदलपुर, बीजापुर, तेलंगाना, आंध्र और महाराष्ट्र में तैनात किए गए हैं। इसके अलावा ड्रोन के जरिए पूरे इलाके की निगहबानी की जा रही है। हेलीकॉप्टर के जरिए जवानों को खाद्य सामग्री भेजी जा रही है। इस ऑपरेशन पर छत्तीसगढ़ समेत देशभर की ▶▶| शेष पेज 5 पर

### 15 माह से जवान मजबूती से चला रहे आपरेशन-साय



करेंगुट्टा मुठभेड़ को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछले 15 महीने से लगातार हमारे जवान मजबूती के साथ नक्सलवाद से लड़ रहे हैं। अभी तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर पर बड़ा ऑपरेशन चल रहा है। बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जाने को लेकर सीएम साय ने कहा कि अभी ऑपरेशन जारी है। थोड़ा इंतजार करना होगा।



# चांद पर जाने की तैयारी! 3 एस्ट्रोनॉट को स्पेस स्टेशन भेजेगा चीन, 6 महीने स्पेस स्टेशन में क्या करेंगे?

**बीजिंग।** चीन अपनी तकनीकि की वजह से पूरी दुनिया में जाना जाता है। अब चीन की निगाहें चंद्रमा पर है। साल 2030 तक अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजने की तैयारी चीन ने पूरी कर ली है। इस मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से चीन तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग छह महीने के प्रवास के लिए खुद के बनाए तियांगोंग स्पेस स्टेशन पर ले जाया जाएगा. इस मिशन का नाम शेनझोउ 20 मिशन है।



शेनझोउ 20 मिशन उत्तर-पश्चिमी चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से रवाना होगा। यहां पर जाने वाले अंतरिक्ष यात्री चीन के 2030 के मिशन को पूरा करने के लिए काम करेंगे। यहां पर एक बेस बनाने की तैयारी है। आगामी मिशन को लेकर 6 महीने तक ये अंतरिक्ष यात्री स्पेस स्टेशन पर एक्सीपेरिमेंट करेंगे। इसे लेकर चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी के उप निदेशक लिन ज़िकियांग ने बुधवार को कहा कि चीन चंद्र मिशनों का विकास सुचारू रूप से आगे बढ़ा रहा है। साथ ही साथ लिन ने चीन के तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर शेनझोउ 20 मिशन की घोषणा करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि एक सुपरहैवी रॉकेट, मेंगझोउ चालक ग्रुप के अंतरिक्ष यान और चंद्र लैंडर की सुरक्षा और विश्वसनीयता पर केंद्रित होंगे। आगे कहा कि लॉन्च या रॉकेट की विफलता की स्थिति में या उड़ान के दौरान उस बिंदु पर कुछ गलत होने पर जब अंतरिक्ष यान सबसे अधिक हवा के गति से उत्पन्न हुए तनाव का सामना करता है।



### चंद्रमा पर टिकी हुई हैं निगाहें

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी को अपने आर्टेमिस कार्यक्रम में कई अन्य देरी का सामना करना पड़ा है, जो 1972 में अपोलो कार्यक्रम के अंतिम मिशन के बाद पहली बार अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर वापस लाएगा। बता दें कि चीन और अमेरिका दोनों की निगाहें चंद्रमा पर टिकी हुई है। दोनों यहां पर मानव उपस्थिति का इरादा रखते हैं। जो भी देश पहले ऐसा कर सकता है वो चंद्रमा की स्थिति से परिचित हो जाएगा।

### किए जाएंगे जमीनी परीक्षण

चालक दल को सुरक्षित निकालने के लिए अंतरिक्ष यान की प्रणालियों की क्षमता का आकलन करने के लिए जमीनी परीक्षण किए जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि टेक्नीशियन चंद्र लैंडर पर एक एकीकृत लैंडिंग और टेक-ऑफ वेरिफिकेशन, रॉकेट के टेथर्ड इंजन इग्निशन परीक्षण और कम ऊंचाई वाली उड़ान भी करेंगे। साथ ही बताया हम निर्धारित समय पर चंद्रमा पर मनुष्यों को लॉन्च करने के लिए एक ठोस आधार तैयार करने के लिए सभी परीक्षणों के सफल समापन को सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। बता दें कि दिसंबर में, नासा ने घोषणा की कि उसके स्पेस लॉन्च सिस्टम और ओरियन अंतरिक्ष यान की पहली चालक दल वाली उड़ान इस साल के अंत से 2026 की तक जा सकती है।

## रोचक खबरें

### 3500 रुपए का ऑमलेट खाते ही यूट्यूबर के उड़े होश

**बैंकाक।** एक इंडियन यूट्यूबर ने बैंकॉक की एक स्ट्रीट स्टॉल पर एक ऑमलेट के लिए 3,500 रुपए का भुगतान किया और बताया कि यह ऑमलेट इतना खास क्यों था। एक ऑमलेट की कीमत कितनी हो सकती है। 20 रुपए, 50 रुपए या ज्यादा से ज्यादा 100 रुपए। लेकिन, अगर कोई आपसे ऑमलेट के लिए 100-200 रुपए नहीं, बल्कि पूरे 3 हजार 500 रुपए वसूले तो इस पर क्या कहेंगे? जाहिर है, आप कहेंगे कि उसमें हीरे जड़े हुए थे क्या। हाल ही में एक इंडियन फूडी यूट्यूबर ने ऐसे ही ऑमलेट को ट्राई किया और उसका रिएक्शन देखने लायक है। दरअसल, फूड चैनल के लिए यूट्यूबर दसराज सेंथमिल तरुण ने बैंकॉक के एक मिशेलिन स्टार स्ट्रीट स्टॉल 'रान जय फाई'जाकर वहां का मशहूर केकड़ा ऑमलेट खाया, जिसकी कीमत करीब साढ़े 3 हजार रुपए थी। उन्होंने एक वीडियो में अपना अनुभव शेयर किया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वायरल हो रहे वीडियो में आप देखेंगे कि तरुण जल्दी से कुछ खाने की उम्मीद में रेस्टोरेंट पहुंचे, लेकिन वहां लंबी कतार देखकर दंग रह गए।हालांकि, बैठने से पहले ही रेस्टोरेंट ने उनका ऑर्डर ले लिया था। वीडियो शेयर कर उन्होंने कैप्शन में लिखा है, ऐसा लगा, जैसे फ्लाइट के लिए चेकइन कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि स्टॉल अपनी सजावट के लिए आकर्षक नहीं था, बल्कि 81 साल के शेफ जे फाई की वजह से भीड़ उमड़ी थी, जो किसी योद्धा की माफिक काम कर रहे थे। हालांकि, ऑमलेट की प्लेट को उन तक पहुंचने में 30 मिनट से ज्यादा का समय लग गया। वीडियो में आप देखेंगे कि ऑमलेट किसी सोने की ईंट की तरह लग रहा था। इसके बाद थोड़ी शंका और एक्साइटमेंट के साथ तरुण एक निवाला लेते हैं, और खाते ही उनकी आंखें सबकुछ बयां कर देती हैं कि उसका टेस्ट कैसा था। पहले वह ऑमलेट की कीमत बताते हैं, फिर कहते हैं क्या यह महंगा है तो बिल्कुल हां, और क्या यह खाने लायक है, तो बिल्कुल वर्थ है।



### सिर्फ 150 रुपए खर्च किए और जीत गया 1 करोड़! फिर अचानक पहुंचा पुलिस स्टेशन तो सब रह गए हैरान

**होल्दीबाड़ी।** पश्चिम बंगाल के कोचबिहार जिले के होल्दीबाड़ी इलाके के पास स्थित घुघुड़ंगा बाजार में एक युवक ने अचानक जाकर मानिकगंज पुलिस के सामने हाजिरी दी। इसके बाद पूरी घटना सामने आई। युवक ने मात्र डेढ़ सौ रुपए का लॉटरी टिकट खरीदा था और उसी से उसकी किस्मत रातोंरात बदल गई।आखिर किस तरह बदली किस्मत? सुनकर आप हैरान रह जाएंगे। दरअसल, अरिंदम मलिक नाम का ये युवक लॉटरी टिकट खरीदकर करोड़पति बन गया। एक करोड़ रुपएजीतकर युवक और उसके पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार, 'घुघुडांगा बाजार के लक्ष्मण सरकार नामक एक लॉटरी विक्रेता से युवक ने लॉटरी खरीदी थी। उसने 25 सीरीज का एक नंबर खरीदा। उसी लॉटरी में 85ई 63204 नंबर पर आखिरकार एक करोड़ रुपए का इनाम मिला। बाकी 24 नंबरों पर भी उसे 24 हजार रुपए का इनाम मिला। उस दिन लॉटरी जीतने के बाद युवक ने मानिकगंज पुलिस से संपर्क किया। अरिंदम ने बताया, 'वह लंबे समय से टिकट खरीदते आ रहे हैं। पहले भी उन्होंने छोटे-मोटे कई इनाम जीते हैं, लेकिन यह पहली बार है जब उन्होंने इतना बड़ा इनाम जीता है। इससे वह और उनका परिवार बहुत खुश हैं। इस पैसे से वह कई काम करने की योजना बना रहे हैं। लेकिन, उन्होंने इतना पैसा पाकर किसी और चिंता में न पड़कर सीधे पुलिस से संपर्क किया। अब लॉटरी में जीते पैसे को पाने के लिए उन्हें कोलकाता जाना होगा।'



### दर्द सहकर मां ने पैदा किया बच्चा, डॉक्टरों ने दिखाई पहली झलक, चली गई सदमे में -'ये कैसा है!'

**न्यूयार्क।** आप किसी भी मां से मिलेंगे, तो उसे हमेशा अपने बच्चे की तारीफ करते हुए ही देखेंगे। मां का प्यार होता ही ऐसा है, जो बच्चों की कमियों को नज़रअंदाज़ करके उसकी अच्छाइयां ही देखती है। कई बार तो मम्मियों को इस बात पर भी भिड़ते हुए देखा जा सकता है कि उनका बच्चा सबसे सुंदर है। भले ही बच्चे लुक्स अच्छे हों या न हों, मां को तो वो प्यारा ही लगता है। हालांकि आज हम आपको जिस मां के बारे में बताने जा रहे हैं, वो कुछ अलग ही है। उसने घंटों तक बच्चे को जन्म देने का दर्द सहा और उसके आने के लिए 9 महीने तक इंतज़ार किया, लेकिन जब उसका बच्चा उसके सामने आया, तो मां का रिएक्शन काफी अजीब था। उसने बच्चे की सूरत देखने के बाद अपने ही बच्चे को लगभग अपना मानने से ही इनकार कर दिया। वो इसे बर्दाश्त नहीं कर पाई। यूनाइटेड किंगडम की रहने वाली एक 20 साल लड़की ने अपने बच्चे को जन्म दिया। इसके लिए उसने घंटों तक लेबर पेन सहा और फिर आखिरकार जब बच्चा इस दुनिया में आया, तो वो उसकी सूरत ही नहीं बर्दाश्त कर पाई। उसने इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला है, जिसे लाखों लोगों ने देखा है। जैसे ही जेस नाम की मां के सामने उसके नवजात बच्चे को लाया गया, उसका पहले रिएक्शन था – 'इसकी नाक कितनी ज्यादा भद्दी है, ये कितना बदसूरत है।' लड़की बच्चे की सूरत न पसंद आने पर रोने लगी और लगभग सदमे में थी। हालांकि, कुछ घंटों बाद उसे बच्चा प्यारा लगने लगा।



# अपनी जगह से खिसक जाएंगे दुनिया के ये दो हिस्से, दिखेगा भयानक मंजर

5 मार्च को जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स पत्रिका में पृथ्वी के नॉर्थ और साउथ पोल्स को लेकर एक सेटडी प्रकाशित हुआ है। स्टडी में ग्रीनलैंड और अंटार्कटिक बर्फ की चादरों से पिघले पानी को में ध्यान में रखा गया है। रिसर्चर ने पाया कि क्लाइमेट में लगातार बदलाव की वजह से पृथ्वी के नॉर्थ और साउथ पोल्स के अपनी मौजूदा स्थिति से 90 फीट तक खिसकने का खतरा है। क्लाइमेट में लगातार बदलाव की वजह से पृथ्वी के नॉर्थ और साउथ पोल्स के अपनी मौजूदा स्थिति से 90 फीट तक खिसकने का खतरा है।

**वॉशिंगटन।** यह खुलासा एक स्टडी में हुआ है जिसमें कहा गया है कि बर्फ की चादरों के पिघलने से ओसियन का मास प्लानेट के चारों तरफ फिर से बंट जाएगा। हालांकि, यह मंजर साल 2100 तक सामने आने की संभावना है। यह बदलाव 89 फीट का होने की उम्मीद है और यह प्लानेट के रोटेशन एक्सिस में बदलने के कारण होगा। यह स्टडी 5 मार्च को जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स पत्रिका में प्रकाशित हुआ था। रिसर्चर ने कहा कि पोल्स की स्थिति में बदलाव से प्लानेट और स्पेसशिप नेविगेशन मुतासिर होगा। स्टडी में ग्रीनलैंड और अंटार्कटिक बर्फ की चादरों से पिघले पानी को में ध्यान में रखा गया। इसके बाद ग्लेशियर के पिघलने को भी ध्यान में रखा गया। स्टडी में पता चला है कि पृथ्वी अपनी धुरी पर तब डगमगाने लगती है, जब प्लानेट के द्रव्यमान के डिस्ट्रीब्यूशन में परिवर्तन होता है। यह डगमगाहट नियमित और पूर्वानुमानित है और कई परिवर्तनों की वजह से हो सकती है, जैसे वायुमंडलीय दबाव और समुद्री धाराओं में परिवर्तन। हालांकि, कभी-कभी कोर और मेंटल के बीच की इंटरैक्शन भी ऐसा होने का कारण बन सकती है।



### फिर भी खतरा बरकरार

उन्होंने पाया कि अगर पूरी दुनिया में अत्यधिक गर्मी बढ़ती है, तो 2100 तक नॉर्थ पोल 89 फीट से ज्यादा पश्चिम की तरफ खिसक सकता है। लेकिन, अगर हालात इतने खराब नहीं होते, तब भी पोल 1900 की अपनी स्थिति की तुलना में 39 फीट तक खिसक सकता है।

### अर्थ साइंटिस्ट ने बताया

स्टडी के सह-लेखक मुस्तफा कियानी शाहवंदी ने लाइव साइंस को बताया, 'यह प्रभाव ग्लेशियल आइसोस्टेटिक समायोजन के प्रभाव से कुछ हद तक ज्यादा है, जो कि अंतिम हिमयुग की समाप्ति के बाद ठोस पृथ्वी के पलटाव का प्रभाव है।' कियानी वियना यूनिवर्सिटी में एक पृथ्वी वैज्ञानिक हैं।

### कई स्टडीज से पता चला

कई अन्य स्टडीज से भी पता चलता है कि मास डिस्ट्रीब्यूशन में परिवर्तन पृथ्वी के पोल्स को ट्रान्सफर कर सकता है। ताजा अध्ययन ईटीएच ज्यूरिख के रिसर्चर द्वारा किया गया था। उन्होंने 1900 से 2018 तक पोल्स की गति और बर्फ की चादर पिघलने के अनुमानों पर गौर किया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि जलवायु में परिवर्तन की वजह से ध्रुव कितना ट्रान्सफर्ड हो सकते हैं।

### 'इंसानों ने जो कुछ किया है'

इसका मतलब है कि 'पृथ्वी की सतह पर मौजूद भूमि हिमयुग के ग्लेशियरों के भार के नीचे दब गई और जब वे पिघले तो ऊपर उठ गई।' इससे पृथ्वी की पपड़ी में भार का वितरण बदल जाता है, जिसके परिणामस्वरूप पोल्स में बदलाव होता है। कियानी शाहवंदी ने कहा, 'इसका मतलब है कि इंसानों ने जो कुछ किया है, उससे पोल्स में बदलाव हिमयुग के प्रभाव से कहीं ज़्यादा हुआ है।' रिसर्चर ने कहा कि पृथ्वी के रोटेशन एक्सिस का इस्तेमाल स्पेसशिप के स्थान का मानचित्रण करने के लिए किया जाता है, तथा पोल्स में होने वाले बदलाव से सैटेलाइट्स और अंतरिक्ष यान के नेविगेशन पर प्रभाव पड़ेगा।

# बड़े काम की चीज है पीरियड ब्लड, इस खतरनाक बीमारी का चल सकता है पता

लंदन। आमतौर पर पीरियड ब्लड को हम सभी शरीर से निकला हुआ वेस्ट समझते हैं, हालांकि इस खून में अच्छी मात्रा में सेल्यूलर और मॉलीक्यूलर संरचनाएं होती हैं, जिसमें इम्यून सेल्स, स्टेम सेल्स और एंडोमेट्रियल सेल्स होती हैं। इसके अलावा इसमें प्रोटीन और फैट जैसे मेटाबोलाइट्स भी होते हैं। ये सभी चीजें मिलकर पीरियड ब्लड को किसी बीमारी का पता लगाने में अच्छी-खासी मदद कर सकते हैं।



### पीरियड ब्लड से लगेगा इस बीमारी का पता

एक रिपोर्ट के मुताबिक शोधर्कता पीरियड ब्लड का इस्तेमाल करके इस बात का पता लगा रहे हैं कि क्या यह कुछ तरह की बीमारियों का पता लगाने, किसी हेल्थ कंडीशन के लक्षणों की पहचान करने और किसी बीमारी के उपचार करने में मदद आता है या नहीं। शोधकर्ता मुख्यतौर पर इससे एंडोमेट्रियोसिस की जांच कर रहे हैं। यह एक ऐसी समस्या है, जिसमें एंडोमेट्रियल टिश्यू महिला के गर्भाशय और आंत्र-अंडाशय जैसे शरीर के अन्य अंगों में बढ़ने लगता है। ये समस्या 10 प्रतिशत महिलाओं को प्रभावित करता है, हालांकि इसपर शोध करने के लिए फंड बेहद कम हैं। पीरियड ब्लड से जुड़े इस शोध ने वैज्ञानिकों को राहत की सांस पहुंचाई है।

### ऑर्गनाइड विकसित करने में मिली सफलता

शोधकर्ताओं ने पीरियड ब्लड के खून से एंडोमेट्रियल सेल्स का इस्तेमाल करके ऑर्गनाइड को विकसित करने में सफलता हासिल की है। ऑर्गेनाइड खून में पाए जाने वाले स्टेम सेल से मिलने वाले अंगो के बेहद छोटे 3D मॉडल हैं, इन्हें लैब में विकसित किया जाता है। यह गर्भाशय के सबसे अंदर की परत में होने वाली चीजों की नकल कर सकते हैं। शोधकर्ता एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित महिलाओं के पीरियड ब्लड से ऑर्गनाइड विकसित कर इस बीमारी का मॉडल बनाने में सक्षम हैं।



### इन बीमारियों में मिलेगी मदद

एंडोमेट्रियोसिस को सूजन से संबंधित स्थिति भी माना जाता है, क्योंकि इस समस्या से पीड़ित लोगों की इम्यूनिटी काफी एक्टिव रहती है, जो इसके लक्षणों को और खराब करती है। वहीं, पीरियड ब्लड में काफी मात्रा में लाइव इम्यून सेल्स होता है, जो रिप्रोडक्टिव ट्रैक्ट से आता है। ये इम्यून सेल्स गर्भाशय में होने वाली सूजन की जानकारी देती है। इससे शोधकर्ताओं को पेनफुल सेक्स का उपचार करने में भी मदद मिल सकती है। एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित लोग इस समस्या से जूझते है। इसके अलावा पीरियड ब्लड का इस्तेमाल मिसकैरेज समेत प्रेग्नेंसी से जुड़ी कई समस्याओं के बारे में जानकारी जुटाने के लिए भी किया जा रहा है।



### 600 रुपए के चक्कर में गंवा दिए 72 लाख

टोक्यो। हमें बचपन से ही सिखाया जाता है कि अपना काम हमेशा ईमानदारी से करना चाहिए। जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए ये जरूरी भी है, लेकिन ये भी सच है कि मौका मिलने पर कम ही लोग अपने इस उसूल पर कायम रह पाते हैं। कुछ ऐसा ही हुआ जापान में ड्राइविंग का काम करने वाले एक शख्स के साथ। उसने जिंदगी के 30 साल ईमानदारी से काम किया, लेकिन एक दिन उसके जरा से लालच ने सबकुछ बर्बाद कर दिया। एक रिपोर्ट के मुताबिक जापान के एक बस ड्राइवर को अंदाजा भी नहीं था कि उसकी छोटी सी गलती कितनी बड़ी सजा दिला सकती है। सिर्फ 600 रुपए के चक्कर में उसके हाथों से 72 लाख रुपए की बड़ी रकम निकल गई। पूरा मामला काफी दिलचस्प है, जिसमें छोटी सी चोरी ने शख्स की जिंदगीभर की मेहनत पर मानो पानी फेर दिया। मामला साल 2022 का है, जिसमें क्योटो म्यूनिसिपल ट्रांसपोर्टेशन ब्यूरो को डैशकैम फुटेज चेक करते वक्त एक बस ड्राइवर बेईमानी करता हुआ दिखा। जापान की सिटी बस का ये ड्राइवर ग्राहक से किराया लेने के बाद इसे नियमों के मुताबिक किराया प्रोसेस करने वाली मशीन पर नहीं रखता, बल्कि सीधा अपने पास रख लेता है। इसमें 597 रुपए ज्यादा होते हैं। जब उससे इसके बारे में पूछा गया, तो उसने जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया, जिसके फलस्वरूप उसे जो भुगतना पड़ा, वो बड़ा नुकसान था। इस घटना के जवाब में विभाग की ओर से 29 साल काम कर चुके ड्राइवर की 12 मिलियन येन यानि 71,69,975 रुपए की पेंशन रोक दी गई। ये मामला कोर्ट में भी पहुंचा, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसमें यही कहा कि ड्राइवर की बेईमानी है, जो उसने किराये में से चोरी की। ट्रांसपोर्ट ब्यूरो की ओर से भी कहा गया कि अगर कड़े कदम नहीं उठाए गए तो संस्था बेपरवाह हो सकती है।

## 40 साल बाद हुआ ऐसा, वैज्ञानिक भी हैरान

# अचानक फटी अंटार्कटिका की धरती, दिख गया इतना बड़ा छेद

**वॉशिंगटन।** नासा के वैज्ञानिकों ने कुछ साल पहले अंटार्कटिका की सर्दियों की समुद्री बर्फ में एक बड़ा छेद देखा था, तब वैज्ञानिकों को यकीन नहीं हुआ कि वे क्या देख रहे हैं। यह छेद कई महीनों तक बना रहा और एक साल बाद स्विटजरलैंड के साइज का हो गया। हालांकि, यह छेद मौड राइज नाम के एक डूबे हुए पठार के ऊपर कोस्टलाइन से सैकड़ों मील दूर मौजूद था। छेद बंद होने के बाद साइंटिस्ट ने इसका स्टडी करने का फैसला किया। साइंटिस्ट ने स्टडी से हैरान करने वाला खुलासा किया। उन्होंने पाया कि 4,600 फुट ऊंचे समुद्री पर्वत ने इसे बनाने में मदद की, जिसे पोलिन्या भी कहा जाता है।

दरअसल, 1970 के दशक में जब रिमोट-सेंसिंग सैटेलाइट्स को पहली बार लॉन्च किया गया था, तो उन्होंने माउड राइज़ पोलिन्या को देखा था। 1974 से 1976 तक यह एक रेगुलर फिचर बन गई और साइंटिस्ट ने सोचा कि यह हर साल विकसित होगी। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। फिर एक दिन सभी को हैरान करते हुए 2017 में अंटार्कटिक बर्फ की चादर में छेद फिर से दिखाई दिया।



### वेडेल सागर दिखा पोलिन्या

यह स्टडी साइंस एडवांसेज में प्रकाशित हुआ था। स्टडी के मुख्य लेखक, साउथेम्प्टन यूनिवर्सिटी के आदित्य नारायणन कहते हैं, '1970 के दशक के बाद से 2017 में पहली बार वेडेल सागर में इतना बड़ा और लंबे वक्त तक रहने वाला पोलिन्या देखा गया।

### रिससर्चर ने अंटार्कटिका में छेद होने का कारण कैसे

इसमें कहा गया है कि जब समुद्र में हवा चलती है, तो पृथ्वी के घूमने के कारण सतह का प्रवाह करीब 90 डिग्री तक डिफ्लेक्टेड हो जाता है। इसे लेकर रिससर्चर ने एक मॉडल बनाया, जिसमें दिखाया गया कि फ्लो के कारण नमक से भरा पानी ठीक उसी जगह पर आ गया, जहां 2017 में मौड राइज़ पर छेद खुला था। छेद बनाने की प्रक्रिया को तूफानों ने आसान बनाया, जिसने बर्फ को हिलाया और सही पानी को सही जगह पर धकेल दिया। सितंबर में आखिरकार छेद फिर से जम गया।

### अंटार्कटिका में छेद होने की क्या है वजह?

उन्होंने स्टडी में पाया कि वेडेल गाइर, वेडेल सागर में मौजूद एक गाइर है, जो क्लोकवाइज में घूमता है और बाद में तेज़ गति से घूमने लगा। जिसकी वजह से गर्म, नमकीन पानी की एक गहरी परत सतह के करीब आ गई और नीचे से बर्फ़ नरम हो गई। गोथेनबर्ग यूनिवर्सिटी में भौतिक समुद्र विज्ञान के प्रोफेसर और रिसर्च के सह-लेखक फैबियन रोक्वेट ने कहा,'यह अपवेलिंग यह समझाने में मदद करती है कि समुद्री बर्फ कैसे पिघल सकती है। लेकिन, जैसे-जैसे समुद्री बर्फ पिघलती है, इससे सतह का पानी ताज़ा हो जाता है, जिससे मिश्रण पर रोक लगनी चाहिए। इसलिए उन्हें यकीन था कि कुछ और भी चल रहा था, और 'कहीं से नमक का अतिरिक्त इनपुट होना चाहिए।

रायपुर
शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025
वैशाख कृष्ण पक्ष द्वादशी
वर्ष: 23, अंक: 277
पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 43.7
न्यून. 29.6

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


अब घर बैठे दर्ज हो जाएगा खरीदार मालिक का नाम

# पटवारी और तहसीलदारों से मिलेगी छुट्टी...संपत्तियों के नामांतरण का अधिकार अब रजिस्ट्रार को, रुकेगा फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ में संपत्तियों के नामांतरण के मामले में राज्य शासन ने एक बहुत बड़ा बदलाव किया है। राज्य में अब तक संपत्तियों के पंजीयन के बाद नामांतरण का अधिकार तहसीलदार के पास होता था। अब यह अधिकार पंजीयन कार्यालय के रजिस्ट्रार और सब रजिस्ट्रार के हाथों होगा। खास बात ये है कि जमीन जायदाद के कारोबार और पंजीयन प्रक्रिया के जानकार इसे संपत्ति क्षेत्र के लिए ▶▶|शेष पेज 5 पर



- राज्य शासन ने कई बदलाव किए
- पोर्टल के माध्यम से तुरंत होगा नामांतरण

## सरकार ने किया है ये बदलाव



छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के प्रावधान के मुताबिक खरीद तथा बिक्री से प्राप्त भूमि अंतरण(ट्रांसफर) के सरलीकरण हेतु किसी भूमि स्वामी के द्वारा धारित भूमि या भूमि का भाग (खसरा या भू-खण्ड), जिनका पंजीकृत विक्रय के आधार पर अंतरण किया जाता है, ऐसे भूमि के नामांतरण हेतु प्राप्त प्रकरणों पर, उक्त संहिता की धारा 110 के अधीन तहसीलदार को प्राप्त नामांतरण की शक्तियां, जिले में पदस्थ रजिस्ट्रार या सब रजिस्ट्रार जो अपने क्षेत्राधिकार में पंजीकृत विक्रय पत्र के निष्पादन हेतु अधिकृत है, को प्रदान करती है।

## तैयार हो रहा है पोर्टल

नामांतरण का अधिकार रजिस्ट्रार-सब रजिस्ट्रार को दिए जाने के साथ ही इस प्रक्रिया को लागू करने के लिए बदलाव किए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इस काम के लिए ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्री होने के तुरंत बाद ही नामांतरण हो जाएगा। इस प्रक्रिया से संपत्ति का फर्जी नामांतरण पूरी तरह से बंद हो जाएगा।

## अब संपत्ति खरीदने वालों को नहीं होगी परेशानी

राज्य सरकार के इस फैसले का व्यापक असर होने की संभावना है। दरअसल, राज्य में दशकों से यह व्यवस्था बनी हुई थी कि अगर कोई व्यक्ति जमीन, मकान या अन्य कोई संपत्ति खरीदता है तो उसका पंजीयन रजिस्ट्री दफ्तर यानी पंजीयन कार्यालय में किया जाता है। यहां तक की प्रक्रिया आसान है। लेकिन पंजीयन के बाद भी संपत्ति खरीदने वाला मालिक तब तक नहीं बनता है, जब तक उसके नाम पर संपत्ति का नामांतरण या प्रमाणी करण न हो। लेकिन अब नई व्यवस्था लागू होने के बाद संपत्ति खरीदने वालों को मालिक बनने में देर नहीं लगेगी। क्योंकि पंजीयन होने के बाद ही रजिस्ट्रार या सब रजिस्ट्रार नामांतरण कर सकेंगे। सरकार ने उन्हें ये अधिकार दे दिया है।

## पटवारी,तहसीलदार के पास जाने की जरूरत नहीं

नामांतरण को लेकर लोगों की परेशानी उस समय शुरु होती थी, जब वे अपनी संपत्ति के पंजीकृत दस्तावेज लेकर अपने क्षेत्र के पटवारी या तहसीलदार के पास जाते थे। ऐसी हजारों शिकायतें होती थी कि पटवारी बिना लेनदेन किए नामांतरण की प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाते थे। संपत्ति खरीदने वाले से उनके मूल दस्तावेज लेने के बाद पटवारी 15 दिन से लेकर 2-3 माह का समय इसी काम में लगाते थे। आरोप है कि इस पूरी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार होता था। यही नहीं नामांतरण में देरी की वजह से एक जमीन या मकान कई-कई बार बिक जाते थे, क्योंकि रिकार्ड में पुराने मालिक का ही नाम चढ़ा होता था।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड

बेंगलुरु 205/5 Vs राजस्थान 194/9

11 रन से जीता बेंगलुरु

4 विकेट : जोश हेजलवुड
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच

चेन्नई Vs हैदराबाद

समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### फर्जी 'कॉल सेंटर' का भंडाफोड़, 16 गिरफ्तार



**कोलकाता।** कोलकाता में पुलिस ने 16 लोगों को गिरफ्तार कर कथित रूप से विदेशी नागरिकों को ठगने वाले फर्जी दो 'कॉल सेंटर' का भंडाफोड़ किया है। सेलिमपुर और बेहाला में दो अवैध 'कॉल सेंटर' पर छापेमारी की गई। वहां से कई मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, हेडफोन और दस्तावेज जब्त किए गए। वहां से 16 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया।

### ट्रंप टैरिफ पर गुस्सा, कोर्ट में 12 अमेरिकी राज्य



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के 12 राज्यों ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन की शुल्क नीति को अवैध बताते हुए इसके खिलाफ यहां 'यूएस कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड' में मुकदमा दायर किया। मुकदमे में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप की इस नीति ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अराजकता पैदा कर दी है।

### ईडी ने की 'फिटजी' के खिलाफ छापेमारी



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कोचिंग संस्थान 'फिटजी' के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कई परिसरों पर छापे मारे। इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग प्रदान करने वाले 'फिटजी' ने हाल में अपने केंद्र अचानक बंद कर दिए थे। इससे कई छात्र परेशानी में पड़ गए थे।

### तीन करोड़ के ड्रग्स बरामद, तस्कर गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** कछार जिले में एक संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार कर तीन करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि यह अभियान बुधवार को जिले के सिल्दुबी इलाके में चलाया गया। सिल्दुबी में भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद।

ये आंकड़े चौंकाने वाले...शारीरिक हिंसा, यौन शोषण जैसे मामले आए सामने, बड़ा कारण-नशा

# बच्चों के खिलाफ तीन साल में 19 हजार केस, बच्चों ने भी किए 6 हजार अपराध

जिया कुरैशी ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में होने वाले तरह-तरह के अपराधों के बीच बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले में पिछले दो साल के मुकाबले 2024 में बढ़े हैं। किसी भी आपराधिक व्यक्ति के लिए बच्चों को निशाना बनाना सबसे आसान होता है, यही कारण है कि बच्चों के खिलाफ तीन साल में करीब 19 हजार मामले पुलिस में दर्ज किए गए हैं। दूसरी ओर देखा जाए, तो बच्चे भी किसी न किसी रूप में अपराध की घटनाओं में शामिल हो रहे हैं। बच्चों द्वारा तीन साल में किए गए अपराधों की संख्या 6 हजार से अधिक है।

## आंकड़े चिंताजनक

बच्चों के खिलाफ अपराधों के आंकड़े और भी गंभीर हैं। 2022 में 6325 मामले दर्ज हुए, जो 2023 में 5 प्रतिशत घटकर 5972 हो गए, लेकिन 2024 में यह संख्या बढ़कर 6474 हो गई, जो 2023 की तुलना में 8 प्रतिशत की वृद्धि और 2022 के स्तर को पार करने का संकेत देता है। इनमें यौन शोषण, अपहरण, शारीरिक हिंसा और बाल श्रम जैसे अपराध प्रमुख हैं। कुल मिलाकर पिछले तीन साल में बच्चों के खिलाफ 19 हजार से अधिक अपराध दर्ज किए गए हैं।

## बच्चे भी हो रहे हैं अपराध में शामिल

राज्य पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बच्चों द्वारा किए गए अपराध वर्ष 2022 में 2228, वर्ष 2023 में 1865 और वर्ष 2024 में 1963 दर्ज किए गए। वहीं, बच्चों के खिलाफ अपराधों की संख्या 2022 में 6325, 2023 में 5972 और 2024 में 6474 रही। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि बच्चों से संबंधित अपराधों का ग्राफ उतार-चढ़ाव के साथ चिंताजनक बना हुआ है। पिछले तीन साल में बच्चों के हाथों 6 हजार से अधिक अपराध के मामले राज्य में दर्ज किए गए हैं।



## बच्चों के खिलाफ अपराध चिंताजनक



### इसलिए बच्चे बन रहे हैं अपराधों का निशाना

बच्चों के खिलाफ अपराधों की वृद्धि के पीछे सामाजिक असमानता, जागरूकता की कमी और कमजोर कानूनी कार्रवाई प्रमुख कारण हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह, बाल श्रम और यौन शोषण जैसे अपराध अभी भी प्रचलित हैं। शहरी क्षेत्रों में बच्चों का शोषण अपहरण और मानव तस्करी जैसे रूपों में सामने आता है। परिवारों में बच्चों की सुरक्षा के प्रति उदासीनता और सामुदायिक स्तर पर निगरानी की कमी भी इन अपराधों को बढ़ाती है। इसके अलावा, कुछ मामलों में माना जाता है कि पुलिस और प्रशासन की सुस्ती पीड़ित बच्चों को न्याय दिलाने में बाधा बनती है।

**मारपीट, चोरी से लेकर हत्या जैसे गंभीर मामले :** पुलिस मुख्यालय के आंकड़े बताते है कि 2022 में बच्चों द्वारा अपराधों की संख्या 2228 थी, जो 2023 में घटकर 1865 हो गई, यानी लगभग 16% की कमी। यह कमी पुलिस की सख्ती, जागरूकता अभियानों और किशोर ▶▶|शेष पेज 5 पर

## इन कारणों से हो रहे हैं ये अपराध

बच्चों द्वारा अपराध बढ़ने के पीछे कई सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक कारण हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि गरीबी, शिक्षा का अभाव, पारिवारिक विघटन और नशे की लत प्रमुख कारक हैं। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों को अपराध की ओर धकेलने में सामाजिक अस्थिरता और बेरोजगारी भी भूमिका निभाती है। सोशल मीडिया और हिंसक सामग्री का प्रभाव भी किशोरों को गलत दिशा में ले जा रहा है। इसके अलावा, किशोर न्याय प्रणाली में सुधार की कमी और पुनर्वास कार्यक्रमों का अपर्याप्त होना भी अपराधों को बढ़ावा देता है।

## बच्चों के खिलाफ अपराध

बच्चों के खिलाफ अपराधों के आंकड़े और भी गंभीर हैं। 2022 में 6325 मामले दर्ज हुए, जो 2023 में 5% घटकर 5972 हो गए। लेकिन 2024 में यह संख्या बढ़कर 6474 हो गई, जो 2023 की तुलना में 8% की वृद्धि और 2022 के स्तर को पार करने का संकेत देता है। इनमें यौन शोषण, अपहरण, शारीरिक हिंसा और बाल श्रम जैसे अपराध प्रमुख हैं।

और इधर, ऐसी घटना

# नाबालिग ने नशेड़ी पिता को मार डाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

**नई दिल्ली।** प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी सिस्को को दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) से नेटवर्किंग उपकरण का ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर दूरसंचार कंपनी के 4जी और 5जी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए है। वोडाफोन आइडिया ने पिछले साल नेटवर्क विस्तार में 30,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की थी, जिसके लिए उसने पहले ही नोकिया, एरिक्सन और सैमसंग को शामिल कर लिया है।

सिस्को ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, 'वोडाफोन आइडिया ने अपने नेटवर्क ढांचे को बदलने के लिए सिस्को के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत वीआई, सिस्को द्वारा संचालित अत्याधुनिक मल्टीप्रोटोकॉल लेबल स्विचिंग (एमपीएलएस)-आधारित ट्रांसपोर्ट नेटवर्क तैनात करेगी।' हालांकि, कंपनी ने सौदे के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया।


## कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक 1891//स्था./प्र.अ./ लोस्वायांवि/2025 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 23/04/2025

**संक्षिप्त विज्ञापन**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मंत्रालय, महानदी, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 2-1/2024/34-1 दिनांक 26.09.2024 से वित्त विभाग का जावक क्रमांक 1210/ सी.एन. बजट-2/ वित्त/चार/2024, दिनांक 20.09.2024 द्वारा राज्य स्तरीय तृतीय श्रेणी अनुरेखक के 37 पद एवं केमिस्ट के 12 पद तथा छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मंत्रालय, महानदी, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 2-2/2024/34-1 दिनांक 26.09.2024 से वित्त विभाग का जावक क्रमांक 1211/सी.एन. बजट-2/वित्त/चार/2024, दिनांक 20.09.2024 द्वारा अराज्य स्तरीय तृतीय श्रेणी हैण्डपंप तकनीशियन के 50 पद को सीधी भर्ती से भरे जाने हेतु अनुमति प्राप्त है। उक्त पदों को सीधी भर्ती के लिये छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, अटल नगर, नवा रायपुर के वेबसाईट पर आमंत्रित किये जाते है, परीक्षा संबंधित जानकारी छत्तीसगढ़ व्यापम की Website vyapamcg.cgstate.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

| पदनाम | वेतनमान | श्रेणी | रिक्त पदों की संख्या | विहित शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| अनुरेखक | लेवल-4, वेतन 19500-62000 | तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) | 37 | 10+2 अथवा हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण। आई.टी.आई. से ड्राफ्समेन ट्रेड का प्रमाण पत्र अथवा रज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से प्रारंभिक एवं माध्यमिक ड्राईंग परीक्षा उत्तीर्ण। कम्प्यूटर का ज्ञान अनिवार्य है। |
| केमिस्ट | लेवल-7, वेतन 28700-91300 | तृतीय श्रेणी | 12 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में रसायन विज्ञान के साथ बी.एस.सी. उत्तीर्ण होना चाहिये। |
| हैण्डपंप तकनीशियन | लेवल-5 वेतन 22400-71200 | तृतीय श्रेणी | 50 | हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण या 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण तथा औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) से फीटर ट्रेड या मेकेनिकल ट्रेड या मोटर मेकेनिकल ट्रेड, ट्रेक्टर मेकेनिकल ट्रेड, ऑटोमोबाइल मेकेनिक ट्रेड, मशीनिष्ट ट्रेड का 2 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रमाण पत्र उत्तीर्ण होना चाहिये। फीटर ट्रेड को प्राथमिकता दी जायेगी। |

टीपः- 1. पदों से संबंधित नियम एवं शर्ते लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की वेबसाइट www.cgphed.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. उपरोक्त नियुक्तियाँ एवं चयन प्रक्रियाओं में आरक्षण छत्तीसगढ़ः शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय रायपुर के परिपत्र क्रमांक एफ 13-1/2023/आ.प्र/1-3 दिनांक 03.05.2023 में दिये गये निर्देशानुसार माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 अंतिम आदेश के अध्याधीन रहेगी।
3. परीक्षा के नियम एवं शर्तें पाठ्यक्रम तथा परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन की विधि, परीक्षा संचालन संबंधी निर्देश व्यापम की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
छत्तीसगढ़ नवा रायपुर

G-252600479/2



## झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
कम्बाइंड बिल्डींग, ओल्ड चास कोट एरिया, बोकारो

**ई– अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा संख्या :- 29/RI/2024-25/RWD/EE/BOKARO दिनांक–23.04.2025

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/BOKARO/ 72/2024-25 | चमसोबाद लक्ष्मण बाउरी के घर से लेकर हुचुकडीह लक्खीराम गोप के घर तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.100 कि0मी0)। | 1,48,59,300.00 | एक करोड़ अड़तालीस लाख उनसठ हजार तीन सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 29.04.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 08.05.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10.05.2025 अपराह्न 03.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो, कम्बाइंड बिल्डींग, सिविल एस0डी0ओ0, ऑफिस ओल्ड चास कोट एरिया, चास बोकारो, झारखंड, पिन– 827013
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9431060119

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, बोकारो

PR 350934 (Rural Work Department)25-26*D



## GOVERNMENT OF JHARKHAND
AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT
(CO-OPERATIVE DIVISION)
OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI

**Short e-Tender Notice**

Tender Notice No:- ICDP/RANCHI/01/2025-26 DATE:- 22.04.2025

| SL No. | | Name of work | No Of Unit | Estimated Value of Work (In Rs) | Cost Of BoQ (In Rs) | Earnest Money (In Rs) | Time Of Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (A) | Construction of 100 MT Capacity Godown with Marketing Centre in Different Lamps Of District WEST SINGHBHUM (CHAIBASA). | 42 | 15,64,79,400.00 | 10,000.00 | 15,65,000.00 | 12 Months |
| | (B) | Construction of 100 MT Capacity Godown with Marketing Centre in Different Lamps Of District KHUNTI. | 42 | 15,64,79,400.00 | 10,000.00 | 15,65,000.00 | |
| | (C) | Construction of 100 MT Capacity Godown with Marketing Centre in Different Pacs Of District HAZARIBAGH. | 42 | 15,64,79,400.00 | 10,000.00 | 15,65,000.00 | |
| | (D) | Construction of 100 MT Capacity Godown with Marketing Centre in Different Pacs Of District CHATRA. | 40 | 14,90,28,000.00 | 10,000.00 | 14,91,000.00 | |
| | (E) | Construction of 100 MT Capacity Godown with Marketing Centre in Different Lamps/Pacs Of District GARHWA. | 40 | 14,90,28,000.00 | 10,000.00 | 14,91,000.00 | |
| | (F) | Construction of 100 MT Capacity Godown with Marketing Centre in Different Lamp/Pacs Of Districts DEOGHAR AND JAMTARA. | 42 | 15,64,79,400.00 | 10,000.00 | 15,65,000.00 | |
| 02. | | Date Of Publication of on Website | 02.05.2025 AT 11:00 AM | | | | |
| 03. | | Last Date & Time of Submission of bids | 15.05.2025 AT 05:00 PM | | | | |
| 04. | | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer, ICDP Cell, Ranchi, 4th Floor Pasupalan-Sahkarita Bhawan Singh More, Hesag, Hatia, Ranchi. 834003 | | | | |
| 05. | | Contact No of Procurement Officer | 9431782508, 7250895727 | | | | |

06. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http://Jharkhandtenders.gov.in from 02.05.2025 at 11:00 AM to 15.05.2025 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 15.05.2025. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be opened at 05:00 PM on 16.05.2025
07. Estimate Cost May Vary.
08. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR 350974 (Co-opretive) 25-26 (D)



## कार्यालय, कृषि उपज मंडी समिति कटघोरा जिला - कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक / मंडी / निर्माण /25-26/46 कटघोरा, दिनाँक 24.04.2025

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

लोक निर्माण विभाग छ.ग. में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" (तीन लिफाफा पद्धति) में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1 निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिये कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत दिनॉक :- 19.05.2025 (अपरान्ह 5.00 बजे)
2 निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु निर्धारित शुल्क जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि :- 21.05.2025 अपरान्ह 5.00 बजे)
3 निविदाएँ रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट से कार्यालय में प्राप्त करने का दिनॉक :- 27.05.2025 (अपरान्ह 5.00 बजे)
4 निविदा खोलने का दिनॉक- :- 29.05.2025 (दोपहर 12.00 बजे से)

| क्र. | कार्य का नाम | धान उपार्जन केन्द्र का नाम | अनुमानित लागत ( रू. लाख में) | बयाने की राशि रू. (एफ.डी.आर. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्या-वधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | लागू दर अनुसूची |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | धान उपार्जन केन्द्र तुमान में 03 नग पक्का चबुतरा निर्माण कार्य। | तुमान | 4.82 | 5000 | डी एवं उच्च | 4 माह | 1000/- | लोक निर्माण विभाग भवन / सड़क कार्य हेतु दिनॉक 01.01. 2015 से प्रभावशील एस.ओ. आर. |
| 2 | धान उपार्जन केन्द्र तुमान में 01 नग पक्का फड़ निर्माण कार्य। | तुमान | 8.55 | 8600 | डी एवं उच्च | 4 माह | 1000/- | |
| 3 | धान उपार्जन केन्द्र लेंगा में 04 नग पक्का चबुतरा निर्माण कार्य। | लैगा | 6.42 | 6500 | डी एवं उच्च | 4 माह | 1000/- | |
| 4 | धान उपार्जन केन्द्र लैंगा में 01 नग पक्का फड़ निर्माण कार्य। | लैगा | 8.55 | 8600 | डी एवं उच्च | 4 माह | 1000/- | |
| 5 | धान उपार्जन केन्द्र तानाखार में 04 नग पक्का चबुतरा निर्माण कार्य। | तानाखार | 6.42 | 6800 | डी एवं उच्च | 4 माह | 1000/- | |
| 6 | धान उपार्जन केन्द्र तानाखार में 01 नग पक्का फड़ निर्माण कार्य। | तानाखार | 8.55 | 8600 | डी एवं उच्च | 4 माह | 1000/- | |
| 7 | धान उपार्जन केन्द्र नुनैरा में 05 नग पक्का चबुतरा निर्माण कार्य। | नुनैरा | 8.02 | 8000 | डी एवं उच्च | 4 माह | 1000/- | |
| 8 | धान उपार्जन केन्द्र नुनैरा में 01 नग पक्का फड़ निर्माण कार्य। | नुनैरा | 8.55 | 8600 | डी एवं उच्च | 4 माह | 1000/- | |
| 9 | धान उपार्जन केन्द्र बकसाही में 05 नग पक्का चबुतरा निर्माण कार्य। | बकसाही | 8.02 | 8000 | डी एवं उच्च | 4 माह | 1000/- | |
| 10 | धान उपार्जन केन्द्र बकसाही में 01 नग पक्का फड़ निर्माण कार्य। | बकसाही | 8.55 | 8600 | डी एवं उच्च | 4 माह | 1000/- | |
| 11 | धान उपार्जन केन्द्र पोटापानी में 03 नग पक्का चबुतरा निर्माण कार्य। | पोटापानी | 4.82 | 5000 | डी एवं उच्च | 4 माह | 1000/- | |
| 12 | धान उपार्जन केन्द्र पोटापानी में 01 नग पक्का फड़ निर्माण कार्य। | पोटापानी | 8.55 | 8600 | डी एवं उच्च | 4 माह | 1000/- | |
| 13 | धान उपार्जन केन्द्र सपलवा में 05 नग पक्का चबुतरा निर्माण कार्य। | सपलवा | 8.02 | 8000 | डी एवं उच्च | 4 माह | 1000/- | |
| | धान उपार्जन केन्द्र सपलवा में 01 नग पक्का फड़ निर्माण कार्य। | सपलवा | 8.55 | 8600 | डी एवं उच्च | 4 माह | 1000/- | |
| | योग | | | | | | | |

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारियां कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त / देखे जा सकते है, जो कि निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग होगा।

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति
कटघोरा
जिला- कोरबा (छ.ग.)

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
कटघोरा
जिला- कोरबा (छ.ग.)

S-43633/1




# 'रुक तो जा, वो भी पैसे ले रहे हैं'... किशन के आउट होने के बाद सहवाग ने किया कमेंट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हैदराबाद के बल्लेबाज इशान किशन मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2025 के 41वें मैच में जिस तरह से आउट हुए वो अपने आप में बड़ा आश्चर्य ही था। अंपायर ने ये विकेट मुंबई को गिफ्ट कर दिया क्योंकि इशान को दीपक चाहर बॉलिंग कर रहे थे और वो जिस गेंद पर आउट हुए उसके लिए किसी ने भी इशान के खिलाफ अपील नहीं की थी।

इशान ने लेग साइड में जा रही गेंद को सिर्फ खेलने की कोशिश की और खुद को आउट समझकर पवेलियन लौटने लगे। इस पर अंपायर ने अपनी अंगुली उठा दी। अंपायर के फैसले से मुंबई के खिलाड़ी हैरान नजर आए तो वहीं इशान ने भी डीआरएस लेने की कोशिश नहीं की, क्योंकि उन्हें भी लगा कि वो शायद आउट हैं।



### सिद्धू ने अंपायर को लताड़ा

इशान के पवेलियन लौटने के बाद अल्ट्राएज से पता चला कि भाई, उनका बल्ला तो गेंद से टकराया ही नहीं थी और इशान भी डगआउट में लौट जाने के बाद काफी परेशान नजर आए थे। इशान के इस तरह से आउट होने के बाद वीरेंद्र सहवाग और नवजोत सिंह सिद्धू ने इस पर अपनी राय दी। सिद्धू ने मुंबई के खिलाड़ियों के द्वारा अपील नहीं किए जाने के बावजूद अंपायर के आउट देने के फैसले के लिए अंपायर को दोषी ठहराया। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि मुसीबत मोल लेना आसान है क्या आपने कभी किसी अंपायर को बिना अपील के किसी को आउट करार देते देखा है।

### ईमानदारी पर उठाए सवाल

सहवाग ने भी इशान की ईमानदारी पर सवाल उठाए और फिर उन्हें याद दिलाया कि उन्हें अंपायर की भूमिका निभाने के लिए पैसे नहीं मिल रहे हैं। इसे दिमाग की कमी बताते हुए सहवाग ने कहा कि अगर ईशान अंपायर के फैसले का इंतजार करते तो मुंबई रिव्यू का विकल्प चुनती जिससे साफ पता चलता कि वह आउट नहीं थे। इशान ने मुंबई के खिलाफ 4 गेंदों पर एक रन बनाए थे।

### अंपायर भी पैसे लेता है... फैसले तो लेने दे

क्रिकबज पर सहवाग ने कहा कि कई बार ऐसे समय पर दिमाग काम करना बंद कर देता है। यह दिमागी कमजोरी थी, रुक तो जा, अंपायर भी पैसे ले रहे हैं। उसे अपना काम करने दो। मैं इस ईमानदारी को समझ नहीं पाया। अगर यह एज होता तो यह समझ में आता क्योंकि यह खेल भावना के अनुरूप होता, लेकिन यह न तो आउट था, न ही अंपायर को यकीन था और आप अचानक से मैदान छोड़कर चले गए। तब अंपायर भी दुविधा में पड़ जाता है। रॉकी पोंटिंग कहते थे कि मेरा काम बल्लेबाजी करना है, अंपायर का काम आउट पर फैसला देना है।

खास खबर

## कोहली से फीडबैक मिलना अद्भुत अहसास : वढेरा



**कोलकाता।** पंजाब के युवा खिलाड़ी निहाल वढेरा को तब पता चला कि विराट कोहली उन्हें उनके नाम से जानते हैं तो उनके लिए यह अद्भुत अहसास था और जब उन्हें अपने खेल पर इस महान क्रिकेटर से ही 'फीडबैक' मिला तो उनका दिन ही बन गया। बारिश से प्रभावित मैच में पंजाब किंग्स की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर मिली पांच विकेट की जीत के दौरान नाबाद 33 रन की विजयी पारी खेलने वाले बढेरा ने कहा कि मैच से पहले जब कोहली ने उन्हें पहचाना तो वह भौंचक्के रह गए। वढेरा ने कहा, 'जब मैच से पहले विराट भाई श्रेयस अय्यर से बात कर रहे थे और उन्होंने पंजाबी में पूछा 'की हाल चाल, निहाल' (कैसे हो निहाल?)। मैं सचमुच चौंक गया था। मुझे उम्मीद नहीं थी कि उन्हें मेरा नाम याद होगा। इससे मुझे बहुत खुशी हुई।' वढेरा ने कहा कि उस पल ने उनके लिए बातचीत की शुरुआत की जिसका वह लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।

### किताब 'टेस्ट क्रिकेट' में 150 साल की दास्तान




**नई दिल्ली।** क्रिकेट के पारंपरिक स्वरुप पर एक नई किताब 'टेस्ट क्रिकेट : अ क्रिस्टी' में 1877 से टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत के बाद से अब तक खेल में आए बदलावों और खिलाड़ियों के संस्मरणों को कलमबद्ध किया गया है। हैशे द्वारा प्रकाशित टिम विगमोर की किताब में महान क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, पैट कमिंस, माइकल होल्डिंग, मुथैया मुरलीधरन, केविन पीटरसन, इयान चैपल और डेल स्टेन के इंटरव्यू भी हैं। प्रकाशक ने एक बयान में कहा, 'बॉडीलाइन से बैजबॉल तक, वेस्टइंडीज क्रिकेट का सुनहरा दौर, शेन वॉर्न से इयान बॉथम तक पाठकों को टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के बारे में जानने को मिलेगा।

### सुपरबेट रैपिडः प्रज्ञानानंदा पर होंगी सबकी निगाहें



**वारसॉ।** ग्रैंड शतरंज टूर के अंतर्गत शनिवार से यहां शुरू होने वाले सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन शिरकत नहीं करेंगे जिससे सभी की निगाहें भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा पर लगी होंगी। हमवतन अरविंद चिदंबरम के साथ प्रज्ञानानंदा खिताब के लिए दावेदारों में शामिल हैं और कार्लसन की अनुपस्थिति से उनकी संभावनायें मजबूत हुई हैं। ईरानी से फ्रांसीसी बने अलीरेजा फिरौजा भी खिताब जीतने के लिए बेकरार हैं जबकि उनके हमवतन मैक्सिम वचियर-लाग्रेव पिछले दशक में फ्रांसीसी खिलाड़ियों की विरासत को बरकरार रखना चाहेंगे। दस खिलाड़ियों में केवल दो भारतीय प्रतिस्पर्धी हैं। देखना होगा कि इस साल ग्रैंड शतरंज टूर कौन जीतेगा। टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 175000 अमेरीकी डालर है। 'स्पीड शतरंज' में अपनी सटीकता के कारण प्रज्ञानानंदा का प्रदर्शन देखने वाला होगा।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| मुंबई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 3 | 10 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| राजस्थान | 9 | 2 | 7 | 4 |
| हैदराबाद | 8 | 2 | 6 | 4 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

आईपीएल : राजस्थान रॉयल्स की लगातार पांचवीं हार

# बेंगलुरु की घर में पहली जीत, हेजलवुड के 4 विकेट, कोहली और पडीक्कल के अर्धशतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से शिकस्त देकर इस सत्र में घरेलू मैदान पर पहली जीत का स्वाद चखा। आरसीबी 12 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स के भी 12-12 अंक हैं। राजस्थान रॉयल्स की यह लगातार पांचवीं हार थी।

इससे पहले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (70 रन) और देवदत्त पडीक्कल (50 रन) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 51 गेंद में 95 रन की साझेदारी से आरसीबी ने पांच विकेट पर 205 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। पर राजस्थान रॉयल्स 20 ओवर में नौ विकेट पर 194 रन ही बना सकी। उसके लिए यशस्वी जायसवाल (49 रन), रियान पराग (22 रन), नीतिश राणा (28 रन) और वैभव सूर्यवंशी (16 रन) और ध्रुव जुरेल ने आरसीबी के गेंदबाजों की खूब धुनाई की।



### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का हेटमायर बो हसारंगा | 26 | 23 | 4 | 0 |
| कोहली का राणा बो आर्चर | 70 | 42 | 8 | 2 |
| पडीक्कल का राणा बो संदीप | 50 | 27 | 4 | 3 |
| टिम डेविड रन आउट | 23 | 15 | 2 | 1 |
| पाटीदार का जुरेल बो संदीप | 01 | 03 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 20 | 10 | 4 | 0 |

**अतिरिक्त :** 15, कुल : 20 ओवर में 205/5
**गेंदबाजी :** आर्चर 4-0-33-1, फारुकी 3-0-30-0, देशपांडे 2-0-36-0, संदीप 4-0-45-2, हसरंगा 4-0-30-1, पराग 3-0-30-0.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का शेपर्ड बो हेजलवुड | 49 | 19 | 7 | 3 |
| वैभव सूर्यवंशी बो भुवनेश्वर | 16 | 12 | 0 | 2 |
| राणा का भुवनेश्वर बो पंड्या | 28 | 22 | 3 | 1 |
| पराग का शर्मा बो पंड्या | 22 | 10 | 2 | 2 |
| जुरेल का शर्मा बो हेजलवुड | 47 | 34 | 3 | 3 |
| हेटमायर का शर्मा बो हेजलवुड | 11 | 08 | 1 | 0 |
| शुभम दुबे का सॉल्ट बो दयाल | 12 | 07 | 1 | 1 |
| आर्चर का पाटीदार बो हेजलवुड | 00 | 01 | 0 | 0 |
| वानिंदु हसारंगा रन आउट | 01 | 03 | 0 | 0 |
| तुषार देशपांडे नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |
| फजलहक फारुकी नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 05, कुल : 20 ओवर में 194/9
**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-50-1, यश दयाल 3-0-33-1, हेजलवुड 4-0-33-4, शेपर्ड 1-0-15-0, सूयश 4-0-31-0, कृणाल 4-0-31-2.

### हेजलवुड मैच के हीरो

हेजलवुड ने 17वें और 19वें ओवर में शानदार गेंदबाजी कर आरसीबी को मैच में वापसी कराई। शुभम दुबे और जुरेल ने 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार पर 22 रन जुटाए जिससे राजस्थान को जीत के लिए दो ओवर में केवल 18 रन चाहिए थे। लेकिन 19वें ओवर में हेजलवुड ने महज एक रन देकर दो विकेट झटके जिसमें जुरेल (47 रन) का विकेट भी शामिल था। इससे आरसीबी की जीत सुनिश्चित हुई। जुरेल रिव्यू के बाद आउट हुए और फिर हेजलवुड ने अगली गेंद पर जोफ्रा आर्चर का विकेट झटका जबकि अंतिम ओवर में यश दयाल ने शुभम दुबे (12 रन) और वानिंदु हसारंगा (01) को आउट किया।

### कोहली ने रचा इतिहास

मैच में विराट कोहली ने 14 रन बनाते ही एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 3500 रन पूरे किए। वह एक वेन्यू पर 3500 टी20 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। विराट ने 42 गेंदों पर 70 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 8 चौके और 2 छक्के भी लगाए। टी20 में एक मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर बांग्लादेश के विकेटकीपर मुश्फिकुर रहीम हैं। उन्होंने शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में 3373 रन बनाए हैं।

## खबर संक्षेप

### 52 साल के हुए तेंदुलकर प्रशंसकों ने दी बधाई




**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर के 52वें जन्मदिन पर, ट्विटर पर क्रिकेट प्रेमियों और उनके प्रशंसकों ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सचिन को क्रिकेट के भगवान और मास्टर ब्लास्टर जैसी उपाधियों से सम्मानित किया और उनकी शानदार करियर की सराहना की। सचिन तेंदुलकर का जन्म 24 अप्रैल 1973 को बॉम्बे (अब मुंबई) में हुआ था। उन्होंने 1989 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया और 2013 में रिटायर हो गए। उन्होंने 200 टेस्ट मैच खेले और कुल 663 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उनके नाम 100 अंतरराष्ट्रीय शतक और 34,347 रन (वनडे और टेस्ट) हैं। आज वह 52 साल के हो गए।

### पांच भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे

**अम्मान।** पांच भारतीय मुक्केबाज एशियाई अंडर 15 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। लड़कों के अंडर 15 वर्ग में नेल्सन के (55 किलो) ने पहले दौर में चीनी ताइपै के वांग शेंग यांग को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने के आधार पर हराया।




अभिजीत (61 किलो) और लक्ष्य फोगाट (64 किलो) ने किर्गीस्तान और जोर्डन के प्रतिद्वंद्वियों पर 5-0 से जीत दर्ज की। लड़कियों में प्रिंसी (52 किलो) ने यूक्रेन की येवा कुबानोवा को 5-0 से हराया। समृद्धि सतीश शिंदे (55 किलो) ने यूक्रेन की सेनिया साविना को आरएससी पर मात दी।

### खिलाड़ियों के लिए डिजिलॉकर शुरू

**नई दिल्ली।** रिकॉर्ड रखने की प्रक्रिया को सरल बनाने की कवायद के तहत खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों के लिए डिजिलॉकर सुविधा शुरू करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महासंघों के लिए अगले एक साल के भीतर खिलाड़ियों के प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेजों को डिजिटल रूप देना अनिवार्य होगा। मांडविया ने 40 राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों और भारोत्तोलक मीराबाई चानू और कुछ खिलाड़ियों की मौजूदगी में औपचारिक रूप से इस पहल की शुरुआत की।

मैड्रिड ओपन टेनिस

## गेल मोनफिल्स जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

इटली के किशोर खिलाड़ी फेडरिको सिना ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कोलमैन वोंग को सीधे सेटों में हराकर अपनी दूसरी एटीपी मास्टर्स 1000 जीत हासिल की। गेल मोनफिल्स इस प्रतियोगिता के इतिहास में जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। 38 वर्षीय मोनफिल्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए क्वालीफायर बोर्ना गोजो को 1-6, 6-2, 6-4 से हराकर 2022 के बाद मैड्रिड में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 42वीं रैंकिंग के खिलाड़ी



मोनफिल्स इस मास्टर्स 1000 क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट में दो बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। मोनफिल्स का अगला मुकाबला सातवीं वरीयता प्राप्त गत चैंपियन आंद्रे रुबलेव से होगा। रुबलेव ने दो सप्ताह पहले मोंटे कार्लो में 32वें राउंड में मोनफिल्स को हराया था। इटली के 18 वर्षीय सिना ने पिछले महीने मियामी में फ्रांसिस्को कोमेसाना को हराया था।

** मैड्रिड। महिला वर्ग में पिछले अक्टूबर में मातृत्व अवकाश से लौटीं बेलिंडा बेनसिक ने अपनी बेटी बेला के पहले जन्मदिन पर जेनेप सोनमेज को 6-0, 6-2 से हराया। तीन बार की मैड्रिड ओपन चैंपियन और इस साल फरवरी में मातृत्व अवकाश से वापसी करने वाली पेट्रा क्वितोवा सीधे सेटों में केटी वोलिनेट्स से 6-4, 6-0 से हार गईं।

### आप आतंकियों को पालते हैं, पीएम पर भड़के कनेरिया

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में टूरिस्ट पर हुए आतंकी हमले के बाद अपने देश के प्रधानमंत्री को जमकर लताड़ा। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने भी इस आतंकी हमले के बाद मृत लोगों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ पर गंभीर आरोप लगाए। दानिश कनेरिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि इस घटना के बाद आपने अचानक सेना को हाई अलर्ट पर रख दिया क्योंकि सच क्या है आप जानते हैं। आप आतंकियों को पालते हैं और रखते हैं, आपको शर्म आनी चाहिए। आपको बता दें कि दानिश कनेरिया पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कुछ बेहद सफल स्पिन गेंदबाजों में से एक माने जाते हैं।

## अनिमेष ने 200 मीटर में जीता सोना चित्रावेल खेलेंगे वर्ल्ड चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| कोच्चि

ओडिशा के धावक अनिमेष कुजूर ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन 200 मीटर दौड़ में 20.40 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

पुरुष 100 मीटर के रजत पदक विजेता 21 साल के कुजूर ने अमलान बोरगोहेन के 20.52 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने 2022 में बनाया था। रिलायंस का प्रतिनिधित्व कर रहे बोरगोहेन 20.80 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। पुरुष त्रिकूद में प्रवीण चित्रावेल ने 17.37 मीटर के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की और इस साल टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। जेएसडब्लू का प्रतिनिधित्व कर रहे तेइस साल के चित्रावेल ने अपने तीसरे प्रयास में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करने वाली कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इससे पहले मई 2023 में क्यूबा के हवाना में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। चित्रावेल इस दौरान सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के 17.22 मीटर के क्वालीफाइंग स्तर को भी हासिल करने में सफल रहे।



### परिस्थितियों का सही आकलन नहीं किया

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि शीर्ष क्रम का नाटकीय पतन और पिच का गलत आकलन इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मुंबई इंडियंस से उनकी करारी हार में निर्णायक साबित हुआ। सनराइजर्स के बिग हिटर इस मैच में भी नहीं चल पाए और उसका स्कोर चार विकेट पर 24 रन हो गया। हेनरिक क्लासेन (71) और अभिनव मनोहर (43) के बीच 99 रन की साझेदारी के बावजूद उसकी टीम आठ विकेट पर 143 रन ही बना सकी।



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार का फैसला

# भारत ने देश में रोका पीएसएल का प्रसारण, हटाए कर्मचारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने देश में पीएसएल के प्रसारण पर रोक लगा दी है। इसके एक दिन पहले बुधवार को भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया और सिंधु जल समझौते पर रोक लगा दी। इतना ही नहीं अटारी चेक पोस्ट को बंद कर दिया गया है। अब पाकिस्तान को एक और झटका दिया गया है। यह पाकिस्तान सुपर लीग से जुड़ा हुआ है।

दरअसल , मैच की लाइव स्ट्रीमिंग करने वाला प्लेटफॉर्म फैनकोड भारत में अब पाकिस्तान सुपर लीग 2025 का प्रसारण नहीं करेगा। यह निर्णय गुरुवार से लागू हो गया है। बता दें कि फैनकोड भारत में पाकिस्तान की क्रिकेट लीग का ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर था। पहलगाम में हुई घटना के बाद फैनकोड ने यह कड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अभी तक इस घटनाक्रम पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, भारत से लेकर पाकिस्तान तक के क्रिकेटर ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान में इन दिनों पाकिस्तान सुपर लीग का 10वां सीजन खेला जा रहा है।

लीग में अब तक 13 मुकाबले खेले जा चुके हैं। अब तक भारतीय फैंस फैनकोड पर पीएसएल का लाइव प्रसारण देख रहे थे। 10वें सीजन में 6 टीमों के बीच कुल 34 मुकाबले खेले जाने हैं। 18 मई को पीएसएल का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।




### प्रसारण दल में दो दर्जन से अधिक भारतीय नागरिक

*कराची। पाकिस्तान सुपर लीग के प्रसारण पर आने वाले दिनों में संकट आ सकता है क्योंकि पहलगाम आतंकवादी हमले के कारण सीमा पार तनाव बढ़ने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े सभी अनुभवी भारतीय दल के सदस्यों को बदला जा सकता है। पीसीबी के एक चिंतित सूत्र ने कहा, 'पीएसएल के प्रोडक्शन और प्रसारण दल में दो दर्जन से अधिक भारतीय नागरिक शामिल हैं इसलिए उन्हें बदलने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। प्रसारण और प्रोडक्शन क्रू में इंजीनियर, प्रोडक्शन मैनेजर, कैमरामैन, प्लेयर-ट्रैकिंग विशेषज्ञ शामिल हैं जो पीएसएल की सुचारू कवरेज सुनिश्चित करते हैं।'*

**कार्यालय, नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ई-प्रक्योरमेंट निविदा सूचना //**

क्रमांक/69/ ई-टेण्डर/ लोक-11 / 2025-26 राजनांदगांव, दिनांक 22/04/2025

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:

| स. क्र | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का नाम | लागत राशि लाख रू.में | निविदा आनलाईन भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 167168 | Supplay for Manpower Motar department (higher skilied.) 27 Nos | 41.78 | 13.05.2025 |
| 2 | 167153 | Supplay for Manpower water department (higher skilied, skilied, semi-skiled and un skilied) 58 Nos | 80.02 | 13.05.2025 |
| 3 | 167144 | Supplay for Manpower PWD department (skilied, and un skilied ) 44 Nos | 58.14 | 13.05.2025 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrin.com & https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेन्ट हेतु पृथक से विज्ञापन जारी नही किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम राजनांदगांव**

## पहलगाम हमले में मौत को छूकर बचे कई परिवारों ने सुनाई आपबीती

*नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित पहलगाम में मंगलवार को हुए हमले में आतंकियों ने 26 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब सैकड़ों सैलानी मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से मशहूर बैसरन के खूबसूरत मैदानों का दीदार कर रहे थे। हमले के बाद ऐसी कई कहानियां सामने आ रही हैं जहां लोगों ने घटना से ठीक पहले के क्षणों को याद कर बताया है कि किस तरह अगर उनके साथ कुछ मामूली असुविधाएं नहीं हुईं होती वे भी हमले वाली जगह मौजूद होते और उन्हें भी अपनी जान से हाथ धोना पड़ सकता था।*

# खाने में ज्यादा नमक, घोड़े आने में देरी से बची जान

## कश्मीर में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में गई है 26 टूरिस्ट की जान

### रोगन जोश का नमक

कोच्चि से कश्मीर घूमने आए एक परिवार को भी किस्मत का साथ मिला। 11 लोगों का यह परिवार 19 अप्रैल को कश्मीर पहुंचा था। परिवार की एक सदस्य लावण्या ने बताया, 'मंगलवार को हम श्रीनगर से लगभग 80 किलोमीटर दूर स्थित पहलगाम जा रहे थे। हम उस सुबह थोड़ी देर से निकले। चूंकि हमने पिछले दो दिनों से दोपहर का खाना नहीं खाया था, इसलिए मेरे पति ने जोर देकर कहा कि हम बैसरन जाने से पहले कुछ खा लें, जो कि केवल 15 मिनट की दूरी पर है।'इसके बाद उनका परिवार रोड के किनारे एक होटल में रुका। उनके ऑर्डर किए हुए रोगन जोश में उन्हें नमक जरूरत से ज्यादा लगी। इसके बाद होटल के कर्मचारियों ने उन्हें दूसरी प्लेट देने की पेशकश की। इस तरह दोबारा ऑर्डर तैयार होने में उन्हें एक घंटे की देरी हो गई। थोड़ी देर बाद ही उन्हें पता चला कि बैसरन के मैदान में एक बड़ा आतंकवादी हमला हुआ है। अब वह ऊपर वाले का शुक्रिया अदा कर रहे हैं।



### 'घोड़े' ने बचाई जान

महाराष्ट्र से कश्मीर घूमने आए 28 लोगों के एक समूह को भी किस्मत ने ही बचाया। लोगों ने बताया कि कैसे उन्हें समय पर घोड़ा नहीं मिल पाया जिसकी वजह से उन्हें बैसरन पहुंचने में थोड़ी देर हो गई। इस समूह में कोल्हापुर, सांगली, रत्नागिरी और पुणे के कुछ लोग थे। समूह के साथ आए कोल्हापुर के सुरेंद्र दत्तात्रेय सापले ने बताया, "हम सिर्फ इसलिए बच गए क्योंकि हमें समय पर घोड़े नहीं मिले।" एक अन्य सदस्य अनिल कुराने ने बताया, "घोड़ों के मालिकों ने शुरू में हम से एक राइड के लिए 3,200 मांगे। हम 15 मिनट तक मोल-भाव करते रहे। इसके बाद जब दूसरे घोड़े आए तो हमने सफर शुरू किया। करीब 500 मीटर बाद ही हमारा ड्राइवर पीछे से चिल्लाता हुआ आया कि आगे गोलीबारी हो रही है, मत जाओ!'

### बाल-बाल बचे नवविवाहित जोड़े

*इस तरह जयपुर से आए एक नवविवाहित जोड़े की जान भी किस्मत से ही बची। मिहिर और कोमल सोनी बैसरन में भेलपुरी लेकर अकेले में समय बिताना चाहते थे इसीलिए वे भीड़ से थोड़ा अलग हट गए। मिहिर ने बताया, "सब कुछ बहुत शांत था। हमने भेलपूरी खरीदी और एक शांत कोने में बैठकर नजारे का आनंद ले रहे थे। तभी अचानक हमने गोलियों की आवाज सुनी। लोग चीखने-चिल्लाने लगे और भागने लगे। हम भी वहां से तुरंत अलग हो गए।*

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तानी आकाओं को खत्म करने की जरूरत

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले को



लेकर यह समय घरेलू आरोप-प्रत्यारोप का नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लामी आतंकवादियों और उनके पाकिस्तानी आकाओं को खत्म किया जाना चाहिए तथा इसके लिए जो भी सर्वोत्तम लगे, उसमें 'हमें अपनी सरकार का समर्थन करना चाहिए।' कांग्रेस सांसद थरूर ने यह भी कहा कि कश्मीरी एकीकरण और सांप्रदायिक सद्भाव के प्रति भारत की प्रतिबद्धता कम नहीं होनी चाहिए।

### पहलगाम हमला : पाक का बचाव करने वाला विधायक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** पहलगाम आतंकवादी हमले में पाकिस्तान और उसकी



संलिप्तता का कथित तौर पर बचाव करने के लिए असम में विपक्षी दल ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के विधायक अमीनुल इस्लाम को बृहस्पतिवार को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। इस बीच, एआईयूडीएफ ने अमीनुल इस्लाम की टिप्पणियों से किनारा करते हुए कहा है कि ये उनके निजी विचार हैं, पार्टी के नहीं।

### धनशोधन मामला राजस्थान के पूर्व मंत्री गिरफ्तार

**नयी दिल्ली/जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जल जीवन



मिशन योजना में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में कांग्रेस नेता और राजस्थान के पूर्व मंत्री महेश जोशी को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत जोशी को जयपुर में हिरासत में लिया। ईडी का कथित धनशोधन मामला राजस्थान के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा जल जीवन मिशन योजना के संबंध में दर्ज की गई प्राथमिकी से उपजा है।

### दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति मून पर रिश्वत का आरोप

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के अभियोजकों ने बृहस्पतिवार को



पूर्व राष्ट्रपति मून जेई-इन पर रिश्वत का आरोप लगाया और कहा कि मून के कार्यकाल के दौरान एक किफायती एयरलाइन ने उनके दामाद को आकर्षक नौकरी देकर भारी फायदा पहुंचाया था। मून पर अभियोग शुरू होने के बाद वह भी दक्षिण कोरिया के नेताओं की फेहरिस्त में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के अंत में या पद छोड़ने के बाद मुकदमों या घोटालों का सामना किया है।

## पहलगाम हमले के बाद एक्शन में सरकार

# अब पाक सरकार का एक्स हैंडल ब्लाक मेडिकल वीजा भी 29 तक ही रहेंगे वैध



**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को सबक सिखाने भारत सरकार एक्शन में आ गई है। पाक को एक और झटका देते हुए भारत में उसका आधिकारिक एक्स हैंडल ब्लॉक कर दिया गया है। गौरतलब है भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल प्रभाव से वीज़ा सेवाएं निलंबित करने का निर्णय लिया है। भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीज़ा 27 अप्रैल 2025 से रद्द कर दिए जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीज़ा केवल 29 अप्रैल 2025 तक वैध होंगे। वर्तमान में भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को संशोधित वीज़ा की अवधि समाप्त होने से पहले भारत छोड़ देना चाहिए। भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा करने से बचने की सख्त सलाह दी जाती है।

### खास बातें

- 27 अप्रैल 2025 से रद्द कर दिए जाएंगे सभी मौजूदा वैध वीज़ा
- विदेश मंत्रालय ने सीसीएस की बैठक के बाद दी जानकारी



अटारी बार्डर के पैसेंजर टर्मिनल का माहौल।

### राजनयिक संबंधों में आई कमी

भारत ने बुधवार को पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को कम कर दिया और कई कड़े फैसले लिए जिसमें पाकिस्तानी सैन्य अताशे को निष्कासित करना, 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करना और अटारी-वाघा चेक पोस्ट को तत्काल बंद करना शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ इन उपायों पर निर्णय लिया गया। विदेश मंत्रालय ने सीसीएस की बैठक के बाद कहा कि वर्तमान में भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को संशोधित वीज़ा की अवधि समाप्त होने से पहले भारत छोड़ देना चाहिए। भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा करने से बचने की सख्त सलाह दी जाती है। वर्तमान में पाकिस्तान में मौजूद भारतीय नागरिकों को भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी जाती है। साथ ही भारत में पाकिस्तानी दूतावास को बंद करने और पाकिस्तानी राजनयिकों को 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने का निर्देश दिया गया है।

### भारत के एक्शन से घबराया पाक

वहीं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को प्रमुख मंत्रियों और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक की। राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के मुताबिक, पाकिस्तान ने वाघा बॉर्डर को बंद किया। पाकिस्तान ने शिमला समझौते से हटने की धमकी दी।पीएम शाहबाज शरीफ ने पाकिस्तान में भारत के राजनयिक कम किए और उन्हें 30 अप्रैल तक देश छोड़ने को कहा। पाकिस्तान ने सिंधु जल समझौते को रद्द करने को युद्ध की घोषणा बताया। साथ ही पाकिस्तान ने भारत के लिए अपना एयर स्पेस बंद कर दिया है। इस्लामाबाद ने सिख तीर्थयात्रियों को छोड़कर भारतीयों के लिए सार्क वीज़ा छूट योजना के तहत वीज़ा निलंबित कर दिया है। पाकिस्तान ने भारत के साथ 'सभी व्यापार' निलंबित कर दिया है, जिसमें तीसरे देशों के माध्यम से होने वाले व्यापार भी शामिल हैं।

### पाकिस्तान को एक और झटका, भारत में एक्स हैंडल ब्लॉक

'पहलगाम आतंकी हमले' के बाद भारत की 'मोदी सरकार' एक्शन मोड में है। पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए केंद्र सरकार कड़े फैसले ले रही है। भारत ने साफ कर दिया है कि अब आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। गुरुवार को भारत में पाकिस्तान सरकार का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' हैंडल ब्लॉक कर दिया गया है। आईटी मंत्रालय की अपील पर एक्स ने कार्रवाई की है।

#### पॉपुलर प्लेटफॉर्म है 'एक्स'

एक्स प्लेटफॉर्म सोशल मीडिया का पॉपुलर प्लेटफॉर्म पर है। एक्स पर दुनियाभर के नेता और सरकारों के वेरिफाइड अकाउंट बने हैं। इन अकाउंट के जरिए वे अपने देश के फैसले और अन्य जानकारी देती हैं। भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की रिक्वेस्ट एलन मस्क के एक्स प्लेटफॉर्म ने भारत में पाक सरकार के एक्स अकाउंट को बंद कर दिया है।

# जम्मू-कश्मीर में 24 घंटे में तीसरा एनकाउंटर एक जवान शहीद

## सुरक्षाबलों ने उधमपुर में आतंकियों को घेरा

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच पिछले 24 घंटे में लगातार तीसरा एनकाउंटर चल रहा है। सुरक्षाबलों ने उधमपुर के डूडू बसंतगढ़ में कुछ आतंकियों को घेर लिया है। आतंकवादियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। मुठभेड़ में सेना का एक हवलदार शहीद हो गया। व्हाइट नाइट कॉर्प्स और एलजी मनोज सिन्हा ने एक्स पर रैंक 6 पारा एसएफ के शहीद हवलदार झंटू अली शेख को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा - मुठभेड़ में फायरिंग के दौरान हमारे एक बहादुर को गंभीर चोटें आईं और बाद में इलाज के समय उसकी मौत हो गई। एनकाउंटर ऑपरेशन अभी भी जारी है। उधर, जम्मू-कश्मीर में बांदीपुरा पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के चार ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्लू) को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कुछ ओजीडब्लू पुलिस और गैर स्थानीय लोगों पर हमला करने का मौका तलाश रहे थे। बांदीपोरा पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया और जिले में विभिन्न स्थानों पर घेराबंदी की थी। नाका चेकिंग के दौरान मोहम्मद रफीक खांडे और मुख्तार अहमद डार को पकड़ा।

### 23 अप्रैल को तंगमर्ग इलाके में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरा था

23 अप्रैल की शाम को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। तंगमर्ग इलाके में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरा था। यहां आतंकी एक घर में छिपे थे। वहीं, 23 अप्रैल की सुबह बारामूला के उरी सेक्टर में **LoC** के पास आतंकी घुसपैठ की कोशिश की गई थी। सेना ने 2 आतंकवादियों को मार गिराया था। सेना के अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा बलों ने 2-3 आतंकियों को घुसपैठ की कोशिश करते देखा था। आतंकियों के पास से बरामद सामान में 2 असॉल्ट राइफल, गोला-बारूद, युद्ध से जुड़ा सामान, कारतूस, पाकिस्तानी करेंसी, चॉकलेट और सिगरेट के पैकेट मिले हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इसमें 26 लोगों की मौत हुई थी।

# कारों की तरह ट्रकों और इलेक्ट्रिक रिक्शा को भी मिलेगी सेफ्टी रेटिंग

## सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी ने किया ऐलान

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**



अब तक आपने कारों के क्रैश टेस्ट और सेफ्टी रेटिंग के बारे में सुना होगा। लेकिन बहुत जल्द ही सरकार देश में चलने वाले ट्रकों और इलेक्ट्रिक रिक्शा के लिए भी सेफ्टी रेटिंग का नियम लाने वाली है। कारों के के लिए भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (बीएनसीएपी) द्वारा दी जाने वाली सेफ्टी रेटिंग के तर्ज पर ही अब इन वाहनों को भी सेफ्टी रेटिंग मिलेगी। इस बात का ऐलान केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किया है। न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (जीएनसीएपी) और इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजुकेशन (आईआरटीई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित व्हीकल एंड फ्लीट सेफ्टी कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि, 'जल्द ही ट्रकों और इलेक्ट्रिक रिक्शा को भी भारत एनसीएपी के तर्ज पर सेफ्टी रेटिंग दी जाएगी। इसके लिए योजना बनाई जा रही है। इसका उद्देश्य निर्माताओं को उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वाहन अधिक सुरक्षित बन सकें।

### तय होगा ट्रक ड्राइवरों का समय

गडकरी ने कहा कि, 'सड़क मंत्रालय ट्रक ड्राइवरों के लिए काम के घंटे निर्धारित करने के लिए कानून पर भी काम कर रहा है। मौजूदा समय में वे दिन में 13-14 घंटे गाड़ी चलाते हैं। चूंकि देश ट्रक ड्राइवरों की कमी का सामना कर रहा है, इसलिए सरकार देश भर में 32 अत्याधुनिक ड्राइविंग संस्थान स्थापित करने की भी योजना बना रही है। मंत्रालय ने ट्रकों के केबिन में एयर कंडिशन (एसी) की सुविधा और एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) को पहले ही अनिवार्य कर दिया गया है।'

## मौन विरोध मार्च ...



**नागपुर।** मुंबई विले पार्ले जैन मंदिर के विध्वंस के खिलाफ नागपुर में गुरुवार को मौन विरोध मार्च में लोग हिस्सा लेते हुए।

### पहलगाम अटैक : राहुल को लपेटा, आईटी सेल के खिलाफ एफआईआर

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जोड़ने वाले पोस्ट पर कर्नाटक भाजपा आईटी सेल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बीजेपी आईटी सेल की मुश्किल उस वक्त बढ़ी, जब राहुल गांधी की विदेश यात्रा को पहलगाम में हुए आतंकी हमले से जोड़ने वाला एक सोशल मीडिया पोस्ट किया। जिसके बाद बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में भाजपा आईटी सेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कर्नाटक भाजपा के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर किए गए पोस्ट में आरोप लगाया गया था कि, "हर बार जब राहुल गांधी देश छोड़ते हैं, तो घर पर कुछ भयावह होता है।"

## अरब सागर में हलचल तेज, पाक में हाईलेवल मीटिंग जारी

# भारत ने किया आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल परीक्षण

## भारतीय नौसेना ने किया सफल परीक्षण का वीडियो शेयर

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने समुद्री सुरक्षा में एक अहम उपलब्धि हासिल की है। भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक, आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया है। यह नौसेना की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह उपलब्धि स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन, विकास और संचालन में भारतीय नौसेना की बढ़ती हुई क्षमता को दर्शाती है और रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। आईएनएस सूरत मिसाइल हमला होने की स्थिति में खुद ही दुश्मन की मिसाइलों की पहचान करने और उन्हें हवा या पानी में ही मार गिराने में सक्षम है। इससे भारत की समुद्री सीमा और मजबूत होती है। भारत की सीमा का अधिकतर हिस्सा समुद्र से ही लगता है। ऐसे में यह उपलब्धि और महत्वपूर्ण हो जाती है।

### मील का पत्थर

भारतीय नौसेना ने आईएनएस सूरत के सफल परीक्षण का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि यह मील का पत्थर देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए भारतीय नौसेना की अटूट प्रतिबद्धता और आत्मनिर्भर भारत के प्रति समर्पण का प्रमाण है। भारतीय सेना के सबसे नए स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सटीकता के साथ सफलतापूर्वक मार गिराया, जो हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर साबित हुआ। न्यूज एजेंसी **ANI** ने रक्षा सूत्रों के हवाले से कहा है कि पाकिस्तान ने 24-25 अप्रैल को अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर कराची तट पर सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण करने के लिए अधिसूचना जारी की है।सूत्रों ने यह भी कहा कि भारतीय एजेंसियां सभी घटनाक्रमों पर कड़ी नजर रख रही हैं।

### पाकिस्तान में हाईलेवल मीटिंग जारी

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ताबड़तोड़ एक्शन से पाकिस्तान में डर पैदा हो गया है। इसको लेकर पाकिस्तान में हाईलेवल मीटिंग चल रही है। पाकिस्तान को लग रहा है कि भारत जवाबी कार्रवाई कर सकता है। दो दिन पहले आतंकियों ने पहलगाम में निहत्थे लोगों की हत्या कर दी। पूरे देश में इस हमले से गुस्सा है। पीएम मोदी ने अब तक पांच बड़े फैसले लिए हैं।

### पेंटागन के पूर्व अधिकारी बोले- अब कोई रास्ता नहीं

## 'पाकिस्तान से इस्राइल जैसा बदला ले भारत'

**वाशिंगटन।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में गुस्सा है। सभी पहलगाम के बायसरन में हुए आतंकी हमले की निंदा कर रहे हैं। इस बीच, पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने इस हमले को



लेकर सीधे तौर पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया है जिसमें उन्होंने कहा था 'कश्मीर पर हमारा रुख एकदम साफ है, यह हमारी गर्दन की नस थी, यह हमारी गर्दन की नस रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके संघर्ष में नहीं छोड़ेंगे। पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि इस हमले के बाद साफ है कि भारत को पाकिस्तान की गर्दन काटने की ज़रूरत है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी

नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com